Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## जनवरी भाग-1

## 2025


Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009

Inquiry: +91-87501-87501

Email: care@groupdrishti.in

# प्रश्न

1. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. यह हिमालय में एक अंतर्देशीय झील है।
   2. यह विश्व की सबसे ऊँची खारे पानी की झीलों में से एक है।
   3. इसका निर्माण भारतीय प्लेट एवं यूरेशियन प्लेट के टकराव के कारण एक टेक्टोनिक झील के रूप में हुआ।

   **निम्नलिखित में से कौन सी झील उपर्युक्त विवरण से बेहतर रूप से संबंधित है ?**

   A. पैंगोंग झील
   B. सांभर झील
   C. लोकटक झील
   D. पुलिकट झील

2. **अखिल भारतीय मुस्लिम लीग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. अखिल भारतीय मुस्लिम लीग का गठन अलीगढ़ आंदोलन और 1906 के शिमला प्रतिनिधिमंडल के परिणामस्वरूप हुआ था जिसका उद्देश्य मुस्लिम शिक्षा, राजनीतिक जागरूकता और विशेष प्रतिनिधित्व की वकालत करना था।
   2. वर्ष 1916 के लखनऊ समझौते में लीग ने सांप्रदायिक मांगों से हटकर एकीकृत भारतीय स्वतंत्रता की वकालत की।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1, न ही 2

3. **रैपिड विश्व चैंपियनशिप, 2024 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. कोनेरू हम्पी वर्ष 2024 में FIDE विश्व रैपिड चैंपियनशिप जीतने वाली पहली भारतीय बनीं, यह उनका पहला खिताब था।
   2. भारत ने बुडापेस्ट में आयोजित शतरंज ओलंपियाड, 2024 के ओपन एवं महिला दोनों वर्गों में जीत हासिल की।

   **उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1, न ही 2

4. **पोलियो वायरस से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. यह तंत्रिका तंत्र पर आक्रमण करके पक्षाघात का कारण बनता है।
   2. ट्रायवेलेंट ओरल पोलियो वैक्सीन, वाइल्ड पोलियोवायरस प्रकार 1 और 3 से सुरक्षा प्रदान करती है।
   3. वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप-3 का उन्मूलन वर्ष 1999 में विश्व स्तर पर कर दिया गया था।

   **उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. कोई नहीं

5. **निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**
   1. यह भारत की सबसे लंबी झील है।
   2. वर्ष 2002 में इसे अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व का रामसर वेटलैंड घोषित किया गया।
   3. कुमरकुम पक्षी अभयारण्य इस झील के पूर्वी तट पर स्थित है।

   **उपर्युक्त विशेषताओं से निम्नलिखित में से कौन सी झील सबसे बेहतर रूप से संबंधित है ?**

   A. वेम्बनाड झील
   B. चिल्का झील
   C. पुलिकट झील
   D. लोकतक झील

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

**6. आठ कोर उद्योगों के सूचकांक के बारे में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह आठ प्रमुख उद्योगों के उत्पादन के संयुक्त और व्यक्तिगत प्रदर्शन को मापता है।
2. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) में शामिल वस्तुओं के भार का आधे से अधिक हिस्सा आठ प्रमुख उद्योगों का है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** डेटा सेंटर विशेष सुविधाएँ हैं जिनका उपयोग बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक डेटा को संग्रहीत करने, प्रबंधित करने और संसाधित करने के लिये किया जाता है।

**कथन-II:** डिजिटल प्रौद्योगिकियों, विशेषकर AI, क्लाउड कंप्यूटिंग और डेटा स्टोरेज के बढ़ते उपयोग के कारण डेटा प्रोसेसिंग और स्टोरेज समाधानों की मांग बढ़ रही है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

**8. हाल ही में विश्व मलेरिया रिपोर्ट, 2024 निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई?**

A. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
B. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)
C. रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (CDC)
D. एड्स, टीबी और मलेरिया हेतु वैश्विक फंड

**9. निम्नलिखित पहलों पर विचार कीजिये:**

1. कैंसर मूनशॉट
2. ओपन रेडियो एक्सेस नेटवर्क
3. बायोएक्सप्लोर इनिशिएटिव

**उपर्युक्त में से कितनी पहलों का नेतृत्व क्वाड समूह द्वारा किया गया है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**10. केंद्रीय भूजल बोर्ड से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका गठन जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत किया गया था
2. यह कृत्रिम पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन के लिये योजनाओं को क्रियान्वित करता है।
3. यह राज्य और ज़िला जल विज्ञान रिपोर्ट जारी करता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. सभी दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** वरिष्ठ अधिवक्ता सर्वोच्च न्यायालय में प्रमुख कानूनविद् होते हैं, जो मृत्युदंड, कंपनी परिसमापन, बाल अभिरक्षा और जमानत आवेदन जैसे उच्च जोखिम वाले मामलों को संभालते हैं।

**कथन-II:** वरिष्ठ अधिवक्ताओं का पदनाम भारत के संविधान के अनुच्छेद 165 के तहत सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालयों द्वारा प्रदान किया जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, किंतु कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नही है

D. कथन-I सही नही है किंतु कथन-II सही है

**12. अक्सर समाचारों में रहने वाला माउंट कनलाओन निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है?**

A. इंडोनेशिया

B. फिलिपींस

C. जापान

D. मलेशिया

**13. गैर-सरकारी विधेयक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गैर-सरकारी विधेयक उन संसद सदस्यों द्वारा प्रस्तुत किये जाते हैं जो सरकार का हिस्सा नहीं होते हैं।
2. संविधान संशोधन विधेयक किसी निजी सदस्य द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है।
3. इसका मसौदा संबंधित विभाग द्वारा विधि विभाग के परामर्श से तैयार किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**14. मर्कोसुर, जो कभी-कभी समाचारों में रहता है, वह है:**

A. आसियान देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौता

B. दक्षिण अमेरिका में एक क्षेत्रीय व्यापार संगठन

C. अफ्रीका में एक आर्थिक संगठन

D. अफ्रीका में एक सैन्य गठबंधन

**15. सृजन पोर्टल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पोर्टल का मुख्य उद्देश्य रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (DPSUs) और सशस्त्र बलों के स्वदेशीकरण प्रयासों में निज़ी क्षेत्र को भागीदार बनाना है।
2. यह पोर्टल एक नॉन-ट्रांजेक्शनल प्लेटफॉर्म है, अर्थात इस प्लेटफॉर्म पर प्रत्यक्ष खरीद या भुगतान नहीं किया जा सकता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**16. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) देश में आपदा प्रबंधन के लिये सर्वोच्च प्राधिकरण है, जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृहमंत्री करते हैं।
2. राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) की स्थापना आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत आपदा प्रबंधन के लिये एक विशेष बल के रूप में की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**17. गरीबी आकलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में गरीबी रेखा का आकलन मुख्यत: आय स्तर के बजाय उपभोग व्यय पर आधारित होता है।
2. अल्किरे फोस्टर (एएफ) पद्धति वैश्विक स्तर पर बहुआयामी गरीबी मापन का एक व्यापक दृष्टिकोण है

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

18. **बाघों से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कंबोडिया, लाओस और वियतनाम में बाघ विलुप्त हो गये हैं।
2. भारत में बाघों की संख्या सबसे अधिक मध्य प्रदेश में है।
3. बाघों की आबादी को दोगुना करने के लिये विश्व वन्यजीव कोष द्वारा Tx2 अभियान शुरू किया गया था।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

19. **समृद्ध जीवन के लिये उन्नत परमाणु ऊर्जा से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक परमाणु ईंधन है जो थोरियम और उच्च समृद्ध निम्न संवर्धित यूरेनियम का मिश्रण है।
2. वर्तमान में इसका उत्पादन केवल दक्षिण अफ्रीका में ही बड़े पैमाने पर किया जाता है।
3. पारंपरिक प्राकृतिक यूरेनियम की तुलना में इसकी ज्वलन क्षमता अधिक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

20. **निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **शिलालेख** | **संबंधित व्यक्तित्व** |
|---|---|---|
| 1. | जूनागढ़ | रुद्रदामन प्रथम |
| 2. | भितरी | स्कन्दगुप्त |
| 3. | मंदसौर | विजय सेना |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

21. **निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर समानता, शिक्षा और सामाजिक उत्थान की वकालत की।
2. उनका मूल विश्वास "एक जाति, एक धर्म, सभी के लिये एक ईश्वर" के नारे में व्यक्त हुआ।
3. उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण रचनाएँ लिखीं, जिनमें अद्वैत दीपिका, आत्मविलासम, दैव दशकम और ब्रह्मविद्या पंचकम शामिल हैं।

**निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्तित्व उपर्युक्त विवरण से सर्वोत्तम रूप से सुमेलित है?**

A. आययंकाली
B. श्री नारायण गुरु
C. स्वामी विवेकानंद
D. ज्योतिराव फुले

22. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** हाइड्रोजेल कैंसर वाली जगह (Tumour Site) पर स्थानीयकृत दवा वितरण सुनिश्चित करता है, जिससे उपचार की परिशुद्धता में सुधार होता है।

**कथन-II:** हाइड्रोजेल कैंसर रोधी दवाओं के लिये एक स्थिर भंडार के रूप में कार्य करता है, तथा उन्हें कैंसर कोशिकाओं को लक्षित करने के लिये नियंत्रित तरीके से छोड़ता है, जबकि स्वस्थ कोशिकाओं को बचाता है तथा दुष्प्रभावों को कम करता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है किंतु कथन-II सही है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

23. पंचायती राज संस्थाओं (PRI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. किसी भी व्यक्ति के लिये पंचायत का सदस्य बनने हेतु न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित है।
2. समय से पूर्व विघटन के बाद पुनर्गठित पंचायत केवल शेष अवधि तक ही बनी रहती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. ग्राहक अधिग्रहण और लेनदेन प्रसंस्करण की लागत कम करना।
2. खरीदारों को विविध उत्पाद और सेवा विकल्प उपलब्ध कराना।
3. एकरूपता सुनिश्चित करने के लिये सभी विक्रेताओं को एक ही प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण कराना अनिवार्य करना।

उपरोक्त में से कितने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC) के उद्देश्य हैं?
A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

25. अद्वैत वेदांत से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. गौतम बुद्ध को इसका प्रमुख समर्थक माना जाता है।
2. इसके तहत इस बात पर बल दिया गया है कि परम वास्तविकता एकल और निराकार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

26. लॉजिस्टिक्स ईज़ एक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स (LEADS) 2024 रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई?
A. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
B. नीति आयोग
C. भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (FICCI)
D. भारतीय उद्योग परिसंघ (CII)

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. उन्होंने वर्ष 1848 में पुणे में बालिकाओं के लिए पहला स्कूल स्थापित किया।
2. वर्ष 1863 में उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर बालहत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना की, जो कन्या भ्रूण हत्या के विरुद्ध भारत का पहला गृह था।
3. उन्हें काव्य फुले (1854) और बावन काशी सुबोध रत्नाकर (1892) नामक दो प्रसिद्ध रचनाओं का श्रेय दिया जाता है।

निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्तित्व उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है?
A. पंडिता रमाबाई
B. सावित्रीबाई फुले
C. ताराबाई शिंदे
D. सरोजिनी नायडू

28. ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
1. यह फ्लू और कोविड-19 के समान तीव्र श्वसन संक्रमण का कारण बनता है।
2. यह आमतौर पर सर्दियों और वसंत के दौरान प्रसारित होता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा सही है/हैं?
A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**29. कभी-कभी समाचारों में रहने वाले ऑर्निथिस्किया, सोरोपोडोमोर्फा और थेरोपोडा निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं?**

A. प्रागैतिहासिक पौधों के जीवाश्म
B. पक्षियों की विलुप्त प्रजातियाँ
C. प्रागैतिहासिक उभयचर
D. डायनासोर के प्रमुख समूह

**30. ब्रेल प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लुई ब्रेल ने पेरिस में रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ में ब्रेल प्रणाली विकसित की, जो सैन्य संचार के लिये तैयार की गई "नाइट राइटिंग" प्रणाली से प्रेरित थी।
2. ब्रेल प्रणाली में वर्णों और प्रतीकों को दर्शाने के लिये 3 × 4 मैट्रिक्स में 12 उभरे हुए बिंदुओं का उपयोग किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

**31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गुरु गोविंद सिंह अपने पिता, गुरु तेग बहादुर, जो कि 9 वें सिख गुरु थे, के उत्तराधिकारी बने।
2. उन्होंने वर्ष 1699 में खालसा पंथ की स्थापना की, जो धर्म और न्याय की रक्षा के लिये समर्पित एक योद्धा समुदाय था।
3. उन्होंने पंज प्यारे नामक संस्था की स्थापना की, जिसके तहत उन्होंने बलिदान के लिये पाँच सिर मांगे और पाँच लोगों ने स्वेच्छा से उनकी मांग पर प्रतिक्रया दी।

**निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्तित्व उपरोक्त विवरण से अधिक मेल खाता है?**

A. गुरु नानक देव
B. गुरु गोबिंद सिंह
C. गुरु अर्जन देव
D. गुरु हर कृष्ण

**32. भारतपोल पोर्टल प्रायः चर्चा में रहता है, क्या है?**

A. राज्य एजेंसियों और इंटरपोल के बीच समन्वय
B. एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI) ट्रांजेक्शन
C. गुमशुदा व्यक्तियों के लिये राष्ट्रीय डेटाबेस
D. पर्यावरण अनुपालन की निगरानी

**33. भारतीय मानक ब्यूरो के संदर्भ निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह वस्तुओं के मानकीकरण, अंकन और गुणवत्ता प्रमाणन के विकास के लिये स्थापित अर्ध न्यायिक निकाय है।
2. यह सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अधीन कार्य करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**34. प्रकाश प्रौद्योगिकियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रकाश उत्सर्जक डायोड की तुलना में तापदीप्त लैंपों की ऊर्जा दक्षता अधिक होती है।
2. कॉम्पैक्ट फ्लोरोसेंट लैंप इन्कैन्डेसेंट लैंप की तुलना में अधिक टिकाऊ होते हैं।
3. तापदीप्त लैंप सर्वदिशात्मक रूप से प्रकाश उत्सर्जित करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**35. ऑयल पाम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी उत्पत्ति पश्चिमी अफ्रीका के उष्णकटिबंधीय वर्षा वन क्षेत्र में हुई।
2. ऑयल पाम से तेल की उपज पारंपरिक तिलहनों की तुलना में 5 गुना अधिक है।
3. भारत विश्व का सबसे बड़ा ऑयल पाम का आयातक है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

**A.** केवल एक
**B.** केवल दो
**C.** सभी तीनो
**D.** कोई भी नहीं

**36. निम्नलिखित में से कौन सा देश ब्रिक्स का सदस्य है?**

**1.** भारत
**2.** इंडोनेशिया
**3.** ईरान
**4.** मिस्र
5. इथियोपिया

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

**A.** केवल 1 और 2
**B.** केवल 2 और 3
**C.** 1, 3, 4 और 5
**D.** 1, 2, 3, 4 और 5

**37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1.** यह एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था है जिसका गठन राष्ट्रों के बीच वैश्विक व्यापार के नियमों को विनियमित करने के लिए किया गया।
**2.** इसका गठन वर्ष 1994 में हस्ताक्षरित मारकेश समझौते के तहत किया गया था।
**3.** 1 जनवरी 2025 को इस संगठन की 30वीं वर्षगांठ मनाई गई।

**निम्नलिखित में से कौन सा संगठन उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है?**

**A.** विश्व व्यापार संगठन (WTO)
**B.** व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCTAD)
**C.** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)
**D.** विश्व बैंक समूह (WBG)

**38. साहेल क्षेत्र से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1.** यह पश्चिम में सेनेगल से लेकर पूर्व में सूडान तक विस्तारित है।
**2.** सवाना की तरह यहाँ कम वृद्धिशील घास मिलती है
**3.** नील नदी इस क्षेत्र के लिये प्रमुख जल स्रोत है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

**A.** केवल एक
**B.** केवल दो
**C.** सभी तीन
**D.** इनमें से कोई नहीं

**39. भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1.** भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति की स्थापना डॉ. साराभाई और डॉ. रामनाथन के नेतृत्व में की गई थी।
**2.** प्रथम भारतीय अंतरिक्ष यान आर्यभट्ट का विकास और प्रक्षेपण सोवियत लॉन्चर का उपयोग करके किया गया था।

**उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**A.** केवल 1
**B.** केवल 2
**C.** 1 और 2 दोनों
**D.** न तो 1, न ही 2

**40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1.** विद्युत एक समवर्ती विषय है, इसे भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची में शामिल किया गया है।
**2.** भारत विश्व भर में तीसरा सबसे बड़ा विद्युत उत्पादक एवं उपभोक्ता है।
**3.** किरीट पारीख समिति (2022) ने विद्युत उत्पादन से संबंधित पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस के लिये मूल्य निर्धारण सुधारों की सिफारिश की।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

**A.** केवल एक
**B.** केवल दो
**C.** सभी तीन
**D.** कोई भी नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

41. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** समुद्री कवक पोषक चक्र और पारिस्थितिकी तंत्र स्थिरता के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।

**कथन-II:** समुद्री कवक सूक्ष्म जीव हैं जो समुद्री वातावरण में रहते हैं, अपघटन, सहजीवन और जैवसक्रिय यौगिकों के उत्पादन में प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

**A.** कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही व्याख्या है

**B.** कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं है

**C.** कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है

**D.** कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है

42. **भारत के राष्ट्रीय गीत के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत का राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" है, जिसे बंकिम चंद्र चटर्जी ने लिखा था।
2. यह गीत पहली बार वर्ष 1870 में लिखा गया था और बाद में इसे वर्ष 1882 में "आनंद" उपन्यास में शामिल किया गया।
3. इसे पहली बार वर्ष 1896 के भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC) अधिवेशन में गाया गया था।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

**A.** केवल एक

**B.** केवल दो

**C.** सभी तीन

**D.** कोई नहीं

43. **ध्रुवीय भंवर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कम दबाव और शीत पवनों का एक वृहद् क्षेत्र है जो पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों के चारों ओर घूर्णन करता है।
2. यह वर्ष भर विद्यमान रहता है, लेकिन ग्रीष्म ऋतु में कमजोर हो जाता है और शीत ऋतु में मजबूत हो जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**A.** केवल 1

**B.** केवल 2

**C.** 1 और 2 दोनों

**D.** न तो 1 और न ही 2

44. **भारत-मालदीव रक्षा सहयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने मालदीव में तख्तापलट के प्रयास को रोकने के लिये वर्ष 1988 में ऑपरेशन कैक्टस चलाया था।
2. भारत के ऑपरेशन नीर ने वर्ष 2014 के माले जल संकट के दौरान INS किल्तान और INS निर्देशक के माध्यम से मालदीव को लगभग 2000 टन जल उपलब्ध कराया था।
3. "दोस्ती" अभ्यास में भारत, रूस और मालदीव शामिल हैं,जो मूलतः परिचालन तालमेल और अंतर-संचालन क्षमता बढ़ाने पर केंद्रित है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

**A.** केवल एक

**B.** केवल दो

**C.** सभी तीन

**D.** कोई भी नहीं

45. **निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

1. आर्मीनिया
2. कज़ाख्स्तान
3. ताजिकिस्तान
4. तुर्कमेनिस्तान
5. उज़्बेकिस्तान

**उपर्युक्त में से कौन अफगानिस्तान की सीमा से लगा हुआ है?**

**A.** केवल 1, 2 और 5

**B.** केवल 1, 2, 3 और 4

**C.** केवल 3, 4 और 5

**D.** 1, 2, 3, 4 और 5

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

**46. हाल ही में खबरों में रही 'फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट 2025' निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा जारी की गई है?**

**A.** विश्व आर्थिक मंच (WEF)
**B.** अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)
**C.** आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)
**D.** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

**47. सोनोबॉय के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**1.** सोनोबॉय को एक बार उपयोग के लिये डिज़ाइन किया गया है और यह लगभग 24 घंटे तक सक्रिय रहता है।
**2.** सोनोब्वॉय केवल सतह-स्तर के नौसैनिक खतरों का पता लगाने में सक्षम हैं।
**3.** सोनोब्वॉय द्वारा लगाई गई इन्फ्लेटेबल प्रणाली, ट्रैकिंग जहाजों या विमानों के साथ संचार बनाए रखने का कार्य करती है।
**4.** सोनोबॉय ट्रैकिंग इकाइयों के साथ संचार बनाए रखने के लिये जल के नीचे केबल के माध्यम से कार्य करते हैं।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

**1.** केवल 1 और 3
**2.** केवल 1 और 4
**3.** केवल 2 और 3
**4.** केवल 1, 3, और 4

**48. टोडा जनजाति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1.** टोडा जनजाति को विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (PVTGs) के रूप में वर्गीकृत किया गया है और यह मुख्य रूप से तमिलनाडु के पूर्वी घाटों में निवास करती है।
**2.** टोडा भूमि नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व का हिस्सा है, जिसे यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**A.** केवल 1
**B.** केवल 2
**C.** 1 और 2 दोनों
**D.** न तो 1, न ही 2

**49. त्रिनिदाद एवं टोबैगो के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1.** त्रिनिदाद एवं टोबैगो वर्ष 1962 में यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद एक गणराज्य बना।
**2.** पिच झील इसी देश में स्थित है, जो विश्व का सबसे बड़ा प्राकृतिक डामर भंडार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**1.** केवल 1
**2.** केवल 2
**3.** 1 और 2 दोनों
**4.** न तो 1 और न ही 2

**50. अल-नीनो और ला-नीना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1.** अल-नीनो पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर की सतह के तापमान में कमी को दर्शाता है, जबकि ला-नीना उसी क्षेत्र में तापमान में वृद्धि को दर्शाता है।
**2.** अल-नीनो और ला-नीना की स्थितियाँ एक साथ नहीं हो सकती।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**1.** केवल 1
**2.** केवल 2
**3.** 1 और 2 दोनों
**4.** न तो 1 और न ही 2

**51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** सॉफ्ट कोरल प्रवाल ऐसी प्रजातियाँ हैं, जो प्रवाल भित्तियों के निर्माण के लिये आवश्यक विशाल कैल्शियम कार्बोनेट कंकाल का उत्पादन नहीं करती हैं।

**कथन-II:** प्रवाल *एन्थोज़ोआ* वर्ग, *निडारिया* संघ से संबंधित कशेरुकी हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

**52. हेनले पासपोर्ट इंडेक्स, 2025 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हेनले पासपोर्ट सूचकांक में 199 वैश्विक पासपोर्टों की उन गंतव्यों की संख्या के आधार पर रैंक की जाती है, जहाँ उनके धारक बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं।
2. भारत का पासपोर्ट पहली बार संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर आया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**53. यदा-कदा समाचारों में रहने वाला काका कालेलकर आयोग और इदाते आयोग निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?**

A. जल संसाधन प्रबंधन और अंतर-राज्यीय विवाद

B. वन संरक्षण और वनरोपण कार्यक्रम

C. न्यूनतम समर्थन मूल्य सुधार

D. पिछड़े वर्गों और जनजातियों की पहचान और कल्याण

**54. पिंक फायर रिटार्डेंट से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पोटेशियम फॉस्फेट आधारित घोल से बनाया जाता है।
2. इसे आग लगाने से पहले वनस्पतियों पर लगाया जाता है, जिससे ऑक्सीजन द्वारा दहन को उत्तेजित करने की रोकथाम होती है।
3. इससे क्रोमियम और कैडमियम जैसी हानिकारक धातुएँ उत्सर्जित होती हैं।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**55. स्वामी विवेकानंद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह एक साधु और रामकृष्ण परमहंस के प्रमुख शिष्य थे।
2. उन्होंने विश्व को वेदांत तथा योग के भारतीय दर्शन से परिचित कराया।
3. उन्होंने सांसारिक सुख और आसक्ति से मोक्ष (मुक्ति) प्राप्त करने के चार मार्ग बताए- राजयोग, कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**56. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुच्छेद 343 के तहत हिंदी को भारत की राष्ट्रीय भाषा के रूप में मान्यता दी गई है।
2. अंतर्राष्ट्रीय मंच पर हिंदी की उपस्थिति बढ़ाने के लिये प्रतिवर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है।
3. विश्व हिंदी दिवस, वर्ष 1949 के उस ऐतिहासिक क्षण की याद में मनाया जाता है जब संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) में पहली बार हिंदी भाषा का प्रयोग किया गया था।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**57. अक्सर समाचारों में दिखने वाले प्लास्टिसाइज़र का सबसे अच्छा वर्णन किस रूप में किया जाता है?**

**A.** प्लास्टिक जैसी सामग्रियों के लचीलेपन, स्थायित्व और कार्यशीलता को बढ़ाने के लिये उपयोग किये जाने वाले योजकों का एक समूह।

**B.** सिंथेटिक सामग्री का उपयोग विशेष रूप से ऊष्मा प्रतिरोधी और अग्निरोधी पॉलिमर के उत्पादन में किया जाता है।

**C.** यौगिक जो औद्योगिक रासायनिक प्रतिक्रियाओं में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करते हैं तथा बहुलकीकरण की प्रक्रिया को तीव्र करते हैं।

**D.** प्राकृतिक कार्बनिक पदार्थों का उपयोग बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक को पर्यावरण के लिये अधिक अनुकूल बनाने के लिये किया जाता है।

**58. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **नौसेना जहाज** | **परियोजना** |
|---|---|---|
| **1.** | नीलगिरि | परियोजना 15B |
| **2.** | सूरत | परियोजना 17A |
| **3.** | वाघशीर | प्रोजेक्ट 75 |

**उपरोक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?**

**A.** केवल एक

**B.** सिर्फ दो

**C.** सभी तीन

**D.** कोई नहीं

**59. निम्नलिखित विशेषताओं पर विचार कीजिये:**

**1.** उन्होंने वर्ष 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान निर्णायक नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

**2.** उन्हें उनके प्रतिष्ठित नारे "जय जवान जय किसान" के लिये याद किया जाता है।

**3.** उन्होंने ताशकंद घोषणा-पत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**उपरोक्त विशेषताओं में से निम्नलिखित में से कौन-सा व्यक्तित्व सबसे अच्छा वर्णित है?**

**A.** मोरारजी देसाई

**B.** गुलजारीलाल नंदा

**C.** लाल बहादुर शास्त्री

**D.** इंदिरा गांधी

**60. मायोट द्वीप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1.** इसमें कोमोरोस द्वीपसमूह के दो द्वीप शामिल हैं, जिनमें मुख्य द्वीप पामांडज़ी और छोटा द्वीप मायोट है।

**2.** यह फ्राँस और यूरोपीय संघ दोनों का सबसे गरीब क्षेत्र है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**A.** केवल 1

**B.** केवल 2

**C.** 1 और 2 दोनों

**D.** न तो 1, न ही 2

**61. कैनोरहेब्डिटिस एलिगेंस से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1.** यह पारदर्शी अकशेरुकी निमेटोड है।

**2.** यह या तो पशुओं या पौधों पर परजीवी हो सकता है या मृदा या जल में स्वतंत्र रूप से मिल सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**A.** केवल 1

**B.** केवल 2

**C.** 1 और 2 दोनों

**D.** न तो 1, न ही 2

**62. इन्हें अपने अत्यधिक संरचित समूहों के लिये जाना जाता है, जिसमें आमतौर पर 20 से 150 सदस्य होते हैं तथा यह परिष्कृत संचार और सामाजिक व्यवहार प्रदर्शित करते हैं। इनके द्वारा उपयोग किये जाने वाले साधनों के उदाहरणों में दीमक पकड़ना, शहद इकट्ठा करना और अखरोट तोड़ना शामिल है तथा इनके साधनों और तकनीकों में भिन्नताएँ पाई जाती हैं।**

**उपर्युक्त विशेषताओं द्वारा किस जीव का वर्णन किया गया है?**

**A.** डॉल्फिन

**B.** चिंपैंज़ी

**C.** हाथी

**D.** कौवे

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025
SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

नोट:

**63. राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका गठन पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अंतर्गत किया गया था।
2. प्रधानमंत्री, NTCA के अध्यक्ष हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**64. बायोटेक-प्राइड (डेटा एक्सचेंज के माध्यम से अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना) दिशा-निर्देशों के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये ज्ञान साझा करने, बेहतर एकीकरण, निर्णय लेने और न्यायसंगत पहुँच सुनिश्चित करने के लिये एक ढाँचा प्रदान करते हैं।
2. दिशा-निर्देशों का क्रियान्वयन क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (RCB), हरियाणा स्थित भारतीय जैविक डेटा केंद्र (IBDC) के माध्यम से किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**65. परमाणु ऊर्जा आयोग (AEC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. AEC की स्थापना सर्वप्रथम अगस्त 1948 में वैज्ञानिक अनुसंधान विभाग के अंतर्गत परमाणु ऊर्जा अनुसंधान की देखरेख के लिये की गई थी।
2. परमाणु ऊर्जा विभाग (DAE) के सचिव आयोग के पदेन अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं।
3. आयोग के अन्य सदस्यों की नियुक्ति संसद के अनुमोदन पर प्रतिवर्ष की जाती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

## Answers

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (A) | 2. (A) | 3. (B) | 4. (B) | 5. (A) | 6. (A) | 7. (A) | 8. (A) | 9. (C) | 10. (C) |
| 11. (C) | 12. (B) | 13. (B) | 14. (B) | 15. (C) | 16. (B) | 17. (C) | 18. (C) | 19. (B) | 20. (B) |
| 21. (B) | 22. (A) | 23. (C) | 24. (B) | 25. (B) | 26. (A) | 27. (B) | 28. (C) | 29. (D) | 30. (A) |
| 31. (B) | 32. (A) | 33. (D) | 34. (B) | 35. (C) | 36. (D) | 37. (A) | 38. (B) | 39. (C) | 40. (C) |
| 41. (A) | 42. (C) | 43. (C) | 44. (A) | 45. (C) | 46. (A) | 47. (A) | 48. (B) | 49. (B) | 50. (B) |
| 51. (C) | 52. (A) | 53. (D) | 54. (B) | 55. (C) | 56. (B) | 57. (A) | 58. (A) | 59. (C) | 60. (B) |
| 61. (C) | 62. (B) | 63. (D) | 64. (C) | 65. (B) | | | | | |

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

# व्याख्या

1.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

**पैंगोंग झील:**

- यह हिमालय में लगभग **4,350 मीटर (14,270 फीट) की ऊँचाई पर स्थित** एक **अंतर्देशीय झील है।**
  - यह **विश्व की सबसे ऊँची खारे पानी की झीलों में से** एक है, जो **भारतीय प्लेट के यूरेशियन प्लेट से** टकराव के दौरान एक **टेक्टोनिक झील** के रूप निर्मित हुई है।




- इस घटना के परिणामस्वरूप टेथिस महासागर झील द्वारा विस्थापित हो गया, जिससे हिमालय का भी निर्माण हुआ। **अतः विकल्प A सही है।**

2.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

- **अलीगढ़ आंदोलन**, जिसने मुस्लिम राजनीतिक चेतना और शिक्षा को बढ़ावा दिया तथा **शिमला प्रतिनिधिमंडल (1906)**, जिसमें मुस्लिम नेताओं ने विशेष प्रतिनिधित्व की मांग के लिये **लॉर्ड मिंटो द्वितीय (1905-1910)** से मुलाकात की, ये सभी अखिल भारतीय मुस्लिम लीग की स्थापना से पहले हुए थे। **अतः कथन 1 सही है।**
- **लखनऊ समझौते (1916) के तहत, अखिल भारतीय मुस्लिम लीग ने** अलग निर्वाचन क्षेत्रों की मांग को नहीं छोड़ा। परिणामस्वरूप, कांग्रेस ने मुसलमानों के लिए **अलग निर्वाचन क्षेत्रों को स्वीकार कर लिया, जो लीग की एक महत्त्वपूर्ण** मांग थी। हालाँकि, इससे **भारत में सांप्रदायिक राजनीति का उदय** भी हुआ। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

3.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- कोनेरू हम्पी ने वर्ष 2019 में **जॉर्जिया में अपना पहला विश्व रैपिड खिताब जीता। वर्ष 2024 की जीत का यह उनका दूसरा खिताब** था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **भारत ने बुडापेस्ट में** आयोजित **शतरंज ओलंपियाड, 2024 के ओपन और महिला** दोनों वर्गों में जीत हासिल की। **अतः कथन 2 सही है।**

4.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- **पोलियो (पोलियोमाइलाइटिस)** एक **अत्यधिक संक्रामक वायरल रोग है**, जो मुख्य रूप से पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करता है, **यह मल-द्वार** या दूषित भोजन/जल के माध्यम से फैलता है तथा **तंत्रिका तंत्र पर आक्रमण करके पक्षाघात का कारण बन सकता है। अतः कथन 1 सही है।**
- तीन अलग-अलग और प्रतिरक्षात्मक रूप से भिन्न वाइल्ड पोलियोवायरस उपभेद हैं: वाइल्ड पोलियोवायरस प्रकार-1 (**WPV1**), **WPV2** और **WPV3**।
- **निष्क्रिय पोलियो वैक्सीन (IPV):** यह पोलियोवायरस **प्रकार 1, 2 और 3 से सुरक्षा प्रदान करती है**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **ट्रायवेलेंट ओरल पोलियो वैक्सीन (TOPV):** यह पोलियोवायरस प्रकार 1, 2 और 3 से सुरक्षा प्रदान करता है - अप्रैल 2016 में "OPV स्विच" के बाद, हालाँकि **TOPV के अब इतने प्रमाण नहीं मिलते हैं। अत: कथन 2 सही है।**
- **वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 2 का उन्मूलन वर्ष 1999 में किया गया था** और उसके बाद **वाइल्ड पोलियोवायरस टाइप 3 का उन्मूलन वर्ष 2020 में हुआ,** जो विश्व भर में पोलियो उन्मूलन के लक्ष्य की दिशा में महत्त्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

5.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- वेम्बनाड, **केरल की सबसे बड़ी और भारत की सबसे लंबी झील है।**
- वेम्बनाड-कोल भारत के दक्षिण-पश्चिमी तट पर **सबसे बड़ा खारा, आर्द्र उष्णकटिबंधीय आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी तंत्र है।** यह 10 नदियों से पोषित है, जो पश्चिमी तट पर वृहद मुहाना प्रणालियों की विशेषता है।
- वर्ष 2002 में वेम्बनाड को **अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व के रामसर वेटलैंड के रूप में नामित किया गया था।**
- इसे भारत सरकार के राष्ट्रीय आर्द्रभूमि संरक्षण कार्यक्रम में भी शामिल किया गया है।
- **कुमरकुम पक्षी अभयारण्य,** जिसे वेम्बनाड पक्षी अभयारण्य के नाम से भी जाना जाता है, झील के पूर्वी तट पर स्थित है। **अत: विकल्प A सही है।**

6.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **आठ कोर उद्योगों का सूचकांक (ICI)** आठ कोर उद्योगों अर्थात **कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और विद्युत् के उत्पादन के संयुक्त और व्यक्तिगत प्रदर्शन** को मापता है । **अत: कथन 1 सही है।**
- आठ प्रमुख उद्योगों में **औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP)** में शामिल वस्तुओं का 40.27% हिस्सा शामिल है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - IIP एक सूचकांक है जो भारत में **खनन, विद्युत् और विनिर्माण** जैसे प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों में **उत्पादन की मात्रा** में **अल्पकालिक परिवर्तनों** को मापता है।
    - इसे **केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO)** द्वारा **मासिक** रूप से प्रकाशित किया जाता है। डेटा संदर्भ माह के **छह सप्ताह** बाद जारी किया जाता है।
    - **आधार वर्ष (2011-2012)** की तुलना में उत्पादन में परिवर्तन को दर्शाता है।

7.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**डेटा सेंटर:**

- डेटा सेंटर **विशेष सुविधाएँ** हैं जिनका उपयोग बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक डेटा को संग्रहीत, प्रबंधित और संसाधित करने के लिये किया जाता है। **अत: कथन-I सही है।**
- इन केंद्रों में महत्त्वपूर्ण सूचना प्रौद्योगिकी (IT) अवसंरचना मौजूद है, जिसमें सर्वर, भंडारण उपकरण और नेटवर्किंग उपकरण के साथ-साथ शीतलन, विद्युत आपूर्ति और सुरक्षा प्रणालियाँ भी शामिल हैं।
- इन्हें डेटा स्टोरेज, प्रोसेसिंग और प्रबंधन के लिये **विश्वसनीय और स्केलेबल समाधान प्रदान करने के लिये डिजाइन** किया गया है।
- डिजिटल तकनीकों, विशेष रूप से AI, क्लाउड कंप्यूटिंग और डेटा स्टोरेज में बढ़ते उपयोग के कारण **डेटा प्रोसेसिंग और स्टोरेज समाधानों की मांग बढ़ रही है। अत: कथन II सही है। अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

8.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **विश्व स्वास्थ्य संगठन ( WHO ) ने अपनी विश्व मलेरिया रिपोर्ट,** 2024 में भारत की उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला है।
    - भारत में वर्ष 2017 से वर्ष 2023 के बीच मलेरिया के मामलों और इससे संबंधित मौतों में उल्लेखनीय कमी आई है, जो एक बड़ी उपलब्धि है।
- भारत का लक्ष्य **वर्ष 2030 तक मलेरिया मुक्त स्थिति** प्राप्त करना है तथा वर्ष 2027 तक मलेरिया के किसी भी स्थानीय मामला का समापन करना है। **अत: विकल्प A सही है।**

9.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **क्वाड** या **चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया** का एक रणनीतिक मंच है जिसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक सहयोग को बढ़ाना है।
- यह किसी **औपचारिक गठबंधन संरचना, सचिवालय या निर्णय लेने** वाली संस्था के बिना कार्य करता है। यह मंच **नियमित बैठकों के माध्यम** से अस्तित्व में रहता है, **जिसमें मंत्रिस्तरीय और नेता स्तरीय शिखर सम्मेलन**, साथ ही सूचना का आदान-प्रदान एवं सैन्य अभ्यास शामिल हैं।
- क्वाड की प्रमुख पहलों में समुद्री क्षेत्र जागरूकता हेतु इंडो-पैसिफिक साझेदारी (IPMDA) शामिल है, जिससे क्षेत्रीय निकायों के सहयोग से अवैध मत्स्यन और समुद्री गतिविधियों की वास्तविक समय पर निगरानी को बढ़ावा मिलता है।
- इसकी अन्य महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं में **क्वाड कैंसर मूनशॉट** शामिल है जिसका लक्ष्य गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर की रोकथाम और उपचार है तथा आने वाले दशकों में लाखों लोगों के जीवन को बचाने की योजना है।
- यह भारत-प्रशांत क्षेत्र में कृषि पद्धतियों को बेहतर बनाने और किसानों को सशक्त बनाने के लिये कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI), रोबोटिक्स और सेंसिंग का उपयोग करता है।
- यह सेमीकंडक्टर आपूर्ति शृंखलाओं में जोखिम को कम करने के लिये सहयोग को बढ़ाता है।
- अत: **कैंसर मूनशॉट, ओपन रेडियो एक्सेस नेटवर्क और बायोएक्सप्लोर पहल** सभी **क्वाड के प्रयासों** के प्रमुख घटक हैं **अत: विकल्प C सही है।**

10.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **जल संसाधन मंत्रालय,** भारत सरकार के तहत **CGWB** भारत में भूजल संसाधनों के **प्रबंधन, अन्वेषण, निगरानी, मूल्याँकन और विनियमन** के लिये सर्वोच्च निकाय है।
- **वर्ष** 1970 में स्थापित, CGWB का गठन आरंभ में **अन्वेषणात्मक नलकूप संगठन** का नाम बदलकर किया गया था और बाद में **वर्ष** 1972 में इसे **भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के भूजल विंग** के साथ विलय कर दिया गया।
- **पर्यावरण संरक्षण अधिनियम,** 1986 के तहत गठित **केंद्रीय भूजल प्राधिकरण ( CGWA )** भूजल विकास को विनियमित करता है ताकि इसकी स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह भूजल स्तर को बढ़ाने के लिये **कृत्रिम पुनर्भरण और वर्षा जल संचयन** की योजनाओं को भी क्रियान्वित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **वैज्ञानिक रिपोर्ट:** CGWB राज्य और ज़िला जल-भूवैज्ञानिक रिपोर्ट, भूजल वर्ष पुस्तकें और एटलस जारी करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

11.

उत्तर: C

व्याख्या:

**वरिष्ठ अधिवक्ता:**

- वरिष्ठ अधिवक्ता **सर्वोच्च न्यायालय में प्रमुख कानूनविद् होते हैं, जो** मृत्युदंड, कंपनी परिसमापन, बाल अभिरक्षा और जमानत आवेदन जैसे उच्च ज़ोखिम वाले मामलों को संभालते हैं। **अत: कथन-I सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- ◆ वे कानूनी प्रस्तावों पर बहस करते हैं, लेकिन अभियुक्तों से सीधे निर्देश नहीं ले सकते हैं और उन्हें एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड (AoR) द्वारा जानकारी दी जाती है।
- यह पदनाम **सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालयों द्वारा** विधिक कौशल, बार काउंसिल में प्रतिष्ठा और कम से कम 10 वर्षों के अनुभव के बाद विशेष ज्ञान के आधार पर प्रदान किया जाता है। **अत: कथन II सही नहीं है।**
  - ◆ भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 165 राज्य के महाधिवक्ता की भूमिका और अधिकार स्थापित करता है।**
- **अत: विकल्प C सही है क्योंकि कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नही है।**


12.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**माउंट कनलाओन:**

- **फिलीपींस में** 2,435 मीटर ऊँचा सक्रिय ज्वालामुखी माउंट कनलाओन में हाल ही में विस्फोट देखा गया, जिससे कई कि.मी. तक राख और गैसें फैल गईं।
- माउंट कनलाओन नेग्रोस द्वीप के उत्तर मध्य भाग मे एक स्ट्रैटोवोलकानो (या मिश्रित शंकु (Composite Cone) एक ऊँचा, शंकु के आकार का ज्वालामुखी) है।




- ◆ ज्वालामुखी **(एक अंतर्जात क्रिया) भू-पर्पटी में एक कमजोर स्थल है, जहाँ** विस्फोट के दौरान गैस, लावा, राख और वाष्प उद्गमित होती हैं।
- फिलीपींस **प्रशांत महासागरीय अग्नि वलय में स्थित है,** जो अपनी उच्च भूकंपीय गतिविधियों के लिये जाना जाता है, जिससे यह विश्व स्तर पर सर्वाधिक आपदा-प्रवण क्षेत्रों में से एक बन गया है।
  - ◆ अग्नि वलय या **परिप्रशांत पेटी, प्रशांत महासागर के** चारों ओर एक **भूकंपीय क्षेत्र है जो सक्रिय ज्वालामुखी** और **भूकंप की बारंबारता** के लिये जाना जाता है, जो **प्रशांत प्लेट** और आसपास के कम घनत्व वाली प्लेटों के बीच परस्पर क्रिया के कारण होता है ।
  - ◆ अग्नि वलय लगभग 40,000 **किलोमीटर तक विस्तृत है, जो प्रशांत, जुआन डी फूका, कोकोस, इंडो-ऑस्ट्रेलियाई, नाज़्का, उत्तरी अमेरिकी** और **फिलीपीन प्लेटों** जैसी विवर्तनिक प्लेटों की सीमाओं को चिह्नित करता है । **अत: विकल्प B सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

13.

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

- **निजी सदस्यों के विधेयक** उन सांसदों द्वारा प्रस्तुत किये जाते हैं जो सरकार का हिस्सा नहीं होते (मंत्रिपरिषद के रूप में नहीं)। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ये विधेयक उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्रों के लिये महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर नए कानून या संशोधन प्रस्तावित करने की अनुमति देते हैं।
- **संविधान संशोधन विधेयक** संसद के किसी भी सदन में विशेष रूप से प्रस्तुत किया जा सकता है, राज्य विधानसभाओं में नहीं। इसे राष्ट्रपति की पूर्व स्वीकृति की आवश्यकता के बिना **किसी मंत्री या निजी सदस्य द्वारा प्रस्तुत किया जा सकता है। अतः कथन 2 सही है।**
- इसका मसौदा तैयार करना **संबंधित सदस्य की जिम्मेदारी होती है। अतः कथन 3 सही नहीं है।**

14.

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

- **मर्कोसुर दक्षिण अमेरिका में एक क्षेत्रीय व्यापार संगठन है,** जिसकी स्थापना वर्ष 1991 में हुई थी।
  - इसमें **अर्जेंटीना, ब्राज़ील, पैराग्वे, उरुग्वे और वेनेज़ुएला को** पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल किया गया है, जिसका उद्देश्य सदस्य देशों के बीच मुक्त व्यापार, आर्थिक एकीकरण और राजनीतिक सहयोग को बढ़ावा देना है, जबकि बोलीविया की सदस्यता अभी लंबित है। **अतः विकल्प B सही है।**

15.

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- 'आत्मनिर्भर भारत' घोषणा के अनुसरण में, रक्षा उत्पादन विभाग/रक्षा मंत्रालय/भारत सरकार ने "रक्षा में मेक इन इंडिया के लिये अवसर" के रूप में सृजन पोर्टल विकसित किया है।
- पोर्टल का मुख्य उद्देश्य रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (DPSUs) और सशस्त्र बलों के स्वदेशीकरण प्रयासों में निज़ी क्षेत्र को भागीदार बनाना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पोर्टल एक **नॉन-ट्रांजेक्शनल** ऑनलाइन मार्केटप्लेस प्लेटफॉर्म है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - एक **नॉन-ट्रांजेक्शनल ऑनलाइन मार्केट** उपयोगकर्त्ताओं को जुड़ने और विज्ञापन देने की अनुमति देता है, लेकिन प्लेटफ़ॉर्म पर प्रत्यक्ष खरीद या भुगतान की सुविधा प्रदान नहीं की जाती है।
  - ऑनलाइन **ट्रांजेक्शनल मार्केट प्लेटफॉर्म** एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जहाँ क्रेता एवं विक्रेता प्रत्यक्ष **ट्रांजेक्शन** कर सकते हैं, जिससे वस्तुओं या सेवाओं का आदान-प्रदान आसान हो जाता है।

16.

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

- राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) देश में आपदा प्रबंधन के लिये सर्वोच्च प्राधिकरण है, जिसकी अध्यक्षता भारत के प्रधानमंत्री करते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) भारत सरकार का एक विशेष बल है, जो मानवीय और प्राकृतिक आपदा के दौरान विशेषज्ञ प्रतिक्रिया उपलब्ध करना, जिससे बचाव एवं राहत कार्य का प्रभावी निष्पादन संभव हो सके। इसकी स्थापना वर्ष 2005 के आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत वर्ष 2006 में की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**

17.

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- भारत में गरीबी रेखा का आकलन आय के स्तर पर नहीं बल्कि उपभोग व्यय पर आधारित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत की गरीबी रेखा का अनुमान कई कारणों से आय के स्तर के बजाय उपभोग व्यय पर आधारित है, जैसे- आय, विशेष रूप से स्व-नियोजित व्यक्तियों और दैनिक मज़दूरी करने वाले मजदूरों के लिये समय और स्थान दोनों पर अत्यधिक परिवर्तनशील है, जबकि उपभोग प्रारूप अधिक स्थिर हैं।
  - इसके अतिरिक्त, अतिरिक्त आय का लेखा-जोखा रखना, विशेष रूप से नियमित वेतन पाने वालों के लिये चुनौतीपूर्ण है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- ◆ संदर्भ अवधि (जैसे, 30 दिन) का उपयोग करते हुए उपभोग-आधारित सर्वेक्षण, घरेलू व्यय का अधिक विश्वसनीय और प्रतिनिधि माप प्रदान करते हैं, जिससे वे गरीबी रेखा के आकलन हेतु अधिक व्यावहारिक बन जाते हैं।
- अर्थशास्त्री सबीना अल्किरे और जेम्स फोस्टर द्वारा विकसित अल्किरे फोस्टर (AF) पद्धति बहुआयामी गरीबी को मापने के लिये एक व्यापक दृष्टिकोण है। यह उन कई आयामों का आकलन करता है, जो व्यक्ति या परिवार अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं में अनुभव करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**18.**

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- बाघ केवल 13 देशों में पाए जाते हैं, जिनमें भारत, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, म्याँमार, रूस, चीन, थाईलैंड, मलेशिया, कंबोडिया, लाओस और वियतनाम शामिल हैं। हालाँकि, नवीनतम IUCN रिपोर्ट के अनुसार, **कंबोडिया, लाओस और वियतनाम में बाघ अब विलुप्त हो चुके हैं। अतः कथन 1 सही है।**
- **भारत में बाघों की सबसे ज़्यादा आबादी मध्य प्रदेश में है।** देश में लगभग 3,800 जंगली बाघों में से 785 अकेले मध्य प्रदेश में पाए जाते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- विश्व स्तर पर, बाघ को IUCN रेड लिस्ट में लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, CITES के परिशिष्ट I में शामिल किया गया है, तथा भारत के वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची I के तहत संरक्षित है।
- संरक्षण प्रयासों में भारत द्वारा सात बड़ी बिल्लियों के लिये शुरू किया गया अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट्स एलायंस (IBCA), **2022 तक वैश्विक बाघों की आबादी को दोगुना करने के लिये वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फण्ड द्वारा Tx2 अभियान**, वर्ष 1973 में शुरू किया गया प्रोजेक्ट टाइगर तथा प्रत्येक चार वर्ष में आयोजित की जाने वाली बाघ जनगणना शामिल है। **अतः कथन 3 सही है।**
- बाघों के लिये प्रमुख खतरों में आवास का नुकसान, अवैध शिकार, अवैध व्यापार और मानव-वन्यजीव संघर्ष शामिल हैं। भारत, जहाँ विश्व के सबसे अधिक बाघ पाए जाते है, में वर्ष 2022 तक 3,167 बाघों को दर्ज किया गया हैं।

**19.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

- **समृद्ध जीवन के लिये उन्नत परमाणु ऊर्जा (ANEEL)** एक पेटेंटेड परमाणु ईंधन है, जिसे **थोरियम और उच्च समृद्ध कम समृद्ध यूरेनियम (HALEU) के मिश्रण** के रूप में विकसित किया गया है, जिसका नाम एक प्रमुख भारतीय परमाणु वैज्ञानिक डॉ. अनिल काकोडकर के सम्मान में रखा गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- HALEU, जो 5% से 20% तक यूरेनियम संवर्द्धित है, उन्नत परमाणु रिएक्टर के डिज़ाइन के लिये आवश्यक है।
  - ◆ हालाँकि, **इसका बड़े पैमाने पर उत्पादन वर्तमान में रूस और चीन तक सीमित है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ANEEL ईंधन भारत के दाबयुक्त भारी जल रिएक्टरों (PHWR) के अनुकूल है, जो देश की परमाणु ऊर्जा क्षमता के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।
- यह **दक्षता में भी उल्लेखनीय वृद्धि करता है, पारंपरिक प्राकृतिक यूरेनियम के 7,000 मेगावाट-दिन प्रति टन की तुलना में 60,000 मेगावाट-दिन प्रति टन की बर्न-अप** दर प्राप्त करता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- इसके अलावा, थोरियम और प्रयुक्त ANEEL ईंधन का हथियार के रूप में उपयोग नहीं किया जा सकता, जिससे प्रसार संबंधी चिंताएँ दूर होंगी और अंतर्राष्ट्रीय यूरेनियम आपूर्तिकर्त्ताओं और रिएक्टर संचालकों के बीच अधिक विश्वास सुनिश्चित होगा।

**20.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

- **जूनागढ़ (गिरनार) अभिलेखः** संस्कृत में लिखा गया यह अभिलेख दूसरी शताब्दी ई. का है और पश्चिमी क्षत्रपों के शासक **रुद्रदामन प्रथम की उपलब्धियों पर प्रकाश** डालता है।
  - ◆ इसमें सुदर्शन झील बाँध के निर्माण और मरम्मत का भी उल्लेख है, इसका निर्माण चंद्रगुप्त मौर्य के गवर्नर पुष्यगुप्त के द्वारा किया गया था। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **भितरी स्तंभ अभिलेख: यह अभिलेख स्कंदगुप्त** की सैन्य उपलब्धियों, विशेष रूप से हूणों पर उनकी जीत और प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से गुप्त साम्राज्य को स्थिर करने के उनके प्रयासों का विस्तृत विवरण प्रदान करता है। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **मंदसौर अभिलेख:** हालाँकि, मंदसौर शिलालेख **यशोधर्मन** से संबंधित है, **विजय सेना से नहीं।**
    - यह हूणों पर यशोधर्मन की विजय और क्षेत्रीय स्थिरता में उनके योगदान को दर्शाता है।
    - विजय सेना देवपरा प्रशस्ति से संबंधित है, जो बंगाल में उनकी उपलब्धियों को दर्शाती है। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है। अत: विकल्प B सही है।**

21.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**श्री नारायण गुरु:**

- श्री नारायण का जन्म 22 अगस्त 1856 को केरल के चेम्पाज़ंथी में हुआ था। वे **एझावा जाति** से थे, जिसे तत्तकालीन सामाजिक मानदंडों के अनुसार 'अवर्ण' माना जाता था।
- उन्होंने जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर **समानता, शिक्षा और सामाजिक उत्थान** की वकालत की।
- उनका मूल विश्वास **"मानवता के लिये एक जाति, एक धर्म, एक ईश्वर"** के नारे में व्यक्त होता है।
- उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण रचनाएँ लिखीं, जिनमें **अद्वैत दीपिका,** आत्मविलासम, दैव दशकम और ब्रह्मविद्या पंचकम शामिल हैं।
- उन्होंने हाशिये पर पड़े लोगों के उत्थान के लिये एक परोपकारी समाज, **श्री नारायण धर्म परिपालन योगम (SNDP)** की स्थापना की।
- **अरुविप्पुरम आंदोलन (1888):** उन्होंने अरुविप्पुरम में एक शिव मूर्ति स्थापित की, जो सामाजिक अन्याय, विशेष रूप से जाति-आधारित प्रतिबंधों के खिलाफ प्रतिरोध का प्रतीक थी, जो निम्न जातियों को मंदिर में प्रवेश से रोकते थे। **अत: विकल्प B सही है।**

22.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कैंसर चिकित्सा के लिये हाइड्रोजेल:**

- हाल ही में, शोधकर्त्ताओं ने **स्थानीयकृत कैंसर के उपचार** के लिये एक **इंजेक्टेबल हाइड्रोजेल** विकसित किया है।
- हाइड्रोजेल **कैंसर वाली जगह (Tumour Site)** पर स्थानीयकृत दवा वितरण सुनिश्चित करता है, जिससे उपचार की परिशुद्धता में सुधार होता है। **अत: कथन I सही है।**
    - **पारंपरिक कीमोथेरेपी** और सर्जरी कैंसर कोशिकाओं का उपचार करते समय **स्वस्थ कोशिकाओं** को नुकसान पहुँचाती है।
- हाइड्रोजेल **कैंसर रोधी दवाओं के लिये एक स्थिर भंडार** के रूप में कार्य करता है, जो **स्वस्थ कोशिकाओं को सुरक्षित** रखकर कैंसर कोशिकाओं को लक्षित करते हुए **दुष्प्रभावों को कम** करता है। **अत: कथन II सही है।**
- **जैवसंगत और जैवनिम्नीकरणीय अल्ट्रा-शॉर्ट पेप्टाइड्स** से बना यह हाइड्रोजेल, **ग्लूटाथिऑन (GSH)** के बढ़े हुए स्तर पर प्रतिक्रिया करता है, जो कैंसर कोशिकाओं में प्रचुर मात्रा में पाया जाने वाला अणु है।
- हाइड्रोजेल **जल-आधारित, त्रि-आयामी बहुलक नेटवर्क** हैं जो **तरल पदार्थ को अवशोषित करने और बनाए रखने** में सक्षम हैं।
    - उनकी अनूठी संरचना **जीवित ऊतकों की प्रतिकृति** बनाती है, जिससे वे जैव-चिकित्सा अनुप्रयोगों के लिये उपयुक्त बन जाते हैं।
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।**

23.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- पंचायती राज संस्थाएँ (PRI) भारत में 'ग्रामीण स्थानीय स्वशासन' की प्रणाली को संदर्भित करती हैं, अर्थात लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के शासन की

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

प्रणाली। इन्हें सभी राज्यों में सरकार के तीसरे स्तर के रूप में स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य ज़मीनी स्तर पर लोकतंत्र का निर्माण करना है।

- चुनाव लड़ने और पंचायत का सदस्य बनने के लिये न्यूनतम आयु **21 वर्ष है। अतः कथन 1 सही है।**
- यदि किसी पंचायत को समय से पहले भंग कर दिया जाता है, तो पुनर्गठित पंचायत 73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के प्रावधानों के अनुसार, मूल पंचायत के **शेष कार्यकाल के लिये ही कार्य करती है, पूरे पाँच वर्ष के कार्यकाल के लिये नहीं। अतः कथन 2 सही है।**

**24.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के तहत उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (DPIIT) द्वारा अप्रैल 2022 में लॉन्च किये गए ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC) का उद्देश्य एक **मुक्त, समावेशी और अंतर-संचालन योग्य प्लेटफॉर्म बनाकर डिजिटल वाणिज्य का लोकतंत्रीकरण करना है।**
- दिसंबर 2021 में एक गैर-लाभकारी कंपनी के रूप में निगमित, ONDC के संस्थापक सदस्य क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया और प्रोटीन ईगव टेक्नोलॉजीज लिमिटेड हैं।
- इसके प्राथमिक उद्देश्यों में एकाधिकारवादी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के प्रभुत्व को कम करने के लिये अंतर-संचालन को बढ़ावा देना, **ग्राहक अधिग्रहण और लेनदेन प्रसंस्करण के लिये लागत कम करना** और बाज़ार में भागीदारी का विस्तार करने के लिये क्षेत्रीय तथा भाषाई अंतराल को पाटना शामिल है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसके अतिरिक्त, ONDC का उद्देश्य **विविध उत्पाद और सेवा विकल्प,** छूट के माध्यम से प्रतिस्पर्द्धी मूल्य निर्धारण और बेहतर विकल्प प्रदान करके उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- उल्लेखनीय रूप से, **ONDC मुक्त परिवेश और अंतर-संचालन को बढ़ावा देता है, जिससे विशिष्टता को अनिवार्य किये जाने के बजाय विक्रेताओं को कई प्लेटफार्मों पर** काम करने की सुविधा प्राप्त होती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**25.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **अद्वैत वेदांत** भारतीय दर्शन की एक प्रमुख शाखा है जिसमें अद्वैतवाद की अवधारणा पर बल दिया गया है।
  - इसे **आदि शंकराचार्य द्वारा व्यवस्थित** किया गया था तथा यह उपनिषदों की शिक्षाओं पर आधारित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसके अनुसार **परम वास्तविकता (ब्रह्म)निराकार एवं अद्वैत हैं** जो सभी भेदों से परे है। **अतः कथन 2 सही है।**
- व्यक्तिगत आत्मा, ब्रह्म के समान है और इनके बीच मिलन के माध्यम से मुक्ति (मोक्ष) प्राप्त होती है।

**26.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**लॉजिस्टिक्स ईज़ एक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स (LEADS) 2024 रिपोर्ट:**

- हाल ही में **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** ने छठी लॉजिस्टिक्स ईज एक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स (LEADS) 2024 रिपोर्ट जारी की।
- यह एक **वार्षिक मूल्यांकन** है जिससे **अंतर-राज्यीय प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा** मिलता है और नीति निर्माताओं को लॉजिस्टिक्स निष्पादन में सुधार करने में मदद मिलती है।
  - LEADS की परिकल्पना 2018 में **विश्व बैंक** के **लॉजिस्टिक्स निष्पादन सूचकांक (LPI)** की तर्ज पर की गई थी ।
- इसका उद्देश्य सुधारों की पहचान करने, **निवेश आकर्षित** करने और **लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार करने** के लिये राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (UT) में लॉजिस्टिक्स निष्पादन का मूल्यांकन करना है।
- इस रिपोर्ट में **चार प्रमुख कारकों के आधार पर** लॉजिस्टिक्स निष्पादन का आकलन किया जाता है:
  - लॉजिस्टिक्स अवसंरचना

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- लॉजिस्टिक्स सेवा
- परिचालन और विनियामक परिवेश
- सतत् लॉजिस्टिक्स (वर्ष 2024 में शुरू किया गया)। **अतः विकल्प A सही है।**

**27.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सावित्रीबाई फुले:**

- हाल ही में प्रधानमंत्री ने 3 जनवरी, 2025 को सावित्रीबाई फुले को उनकी **193वीं जयंती** पर श्रद्धांजलि अर्पित की।
- उनका जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा में हाशिये पर रहने वाले माली समुदाय में हुआ था। उनका **विवाह ज्योतिबा फुले** से हुआ जिन्होंने उनकी शिक्षा का दायित्व संभाला।
- उन्होंने दो शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रवेश लिया: एक अहमदनगर में अमेरिकी मिशनरी सिंथिया फरार के साथ और दूसरा पुणे के नॉर्मल स्कूल में।
- उन्होंने वर्ष 1848 में पुणे में लड़कियों के लिये पहला स्कूल स्थापित किया गया। इस दंपति ने कुल 18 स्कूल शुरू किये और चलाए।
- उन्होंने दलित समुदाय के उत्थान के लिये नेटिव मेल स्कूल, पुणे और सोसाइटी फॉर प्रमोटिंग द एजुकेशन ऑफ महार, मंग्स (Mangs) जैसे शैक्षिक ट्रस्टों की शुरुआत की।
- वर्ष 1863 में, **ज्योतिराव और सावित्रीबाई** ने बालहत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना की, जो कन्या भ्रूण हत्या का मुकाबला करने और गर्भवती ब्राह्मण विधवाओं और बलात्कार पीड़ितों की सहायता के लिये भारत का पहला गृह था।
- उन्होंने **काव्य फुले (1854)** और **बावन काशी सुबोध रत्नाकर (1892)** नामक दो प्रसिद्ध कृतियाँ लिखीं, साथ ही कविता 'गो, गेट एजुकेशन' भी लिखी।
- **19 वीं सदी के समाज सुधारक ज्योतिराव फुले** ने अपनी पुस्तक **गुलामगिरी में सामाजिक उत्पीड़न** की आलोचना की और शिक्षा, समानता को बढ़ावा देने और अस्पृश्यता को समाप्त करने के लिये वर्ष 1873 में सत्यशोधक समाज की स्थापना की। **अतः विकल्प B सही है।**

**28.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (HMPV) की** खोज **वर्ष 2001 में डच शोधकर्त्ताओं द्वारा** की गई थी, यह एक वैश्विक श्वसन रोगजनक है जो **फ्लू एवं कोविड-19** के समान **तीव्र श्वसन संक्रमण का कारण** बनता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह **न्यूमोविरिडे परिवार से संबंधित** है, जिसमें RSV, खसरा तथा कण्ठमाला जैसे वायरस भी शामिल हैं।
- HMPV मुख्य रूप से निकट संपर्क या दूषित सतहों के माध्यम से फैलता है तथा आमतौर पर **सर्दियों और वसंत ऋतु में** RSV और इन्फ्लूएंजा जैसे अन्य संक्रमणों के साथ फैलता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- लक्षणों में आमतौर पर खाँसी, बुखार, गले में खराश, नाक बहना आदि शामिल हैं, जो आमतौर पर 2-5 दिनों के भीतर ठीक हो जाते हैं।
  - हालाँकि बच्चों, बुज़ुर्गों तथा कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले व्यक्तियों को निमोनिया का अधिक जोखिम रहता है। उल्लेखनीय है कि **वर्तमान में HMPV के लिये कोई टीका उपलब्ध नहीं** है।

**29.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **ऑर्निथिस्किया, सोरोपोडोमोर्फा और थेरोपोडा,** डायनासोर के तीन प्रमुख समूह हैं जिन्हें उनके शारीरिक एवं आहार संबंधी लक्षणों के आधार पर वर्गीकृत किया गया है।
- ऑर्निथिस्किया के तहत स्टेगोसॉरस और ट्राइसेराटॉप्स जैसे **चोंच वाले तथा पौधे खाने वाले** डायनासोर शामिल हैं। **सॉरोपोडोमोर्फा** के तहत **डिप्लोडोकस जैसे लंबी गर्दन वाले शाकाहारी** डायनासोर **शामिल हैं** और **थेरोपोडा में टी. रेक्स तथा वेलोसिरैप्टर जैसी मांसाहारी प्रजातियाँ** शामिल हैं, जिनमें से वेलोसिरैप्टर आधुनिक पक्षियों के पूर्वज हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- डायनासोर प्रागैतिहासिक सरीसृप थे जो लगभग 245 मिलियन वर्ष पूर्व से लेकर 66 मिलियन वर्ष पूर्व तक मेसोज़ोइक युग (ट्राइसिक, जुरासिक, क्रेटेशियस काल) से संबंधित थे। यह अर्जेंटीनोसॉरस (110 टन) जैसे विशाल जीव के साथ हमिंगबर्ड जैसे छोटे आकार के थे। **अतः विकल्प D सही है।**

**30.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **लुई ब्रेल (1809-1852)** का जन्म फ्राँस में हुआ था और तीन वर्ष की आयु में ही उनकी दृष्टि चली गयी थी।
- दस वर्ष की आयु में उन्हें पेरिस में रॉयल इंस्टीट्यूट फॉर ब्लाइंड यूथ में छात्रवृत्ति मिली, जहाँ उन्होंने एक सेना के कप्तान की **"नाइट राइटिंग" प्रणाली** से प्रेरित होकर **ब्रेल प्रणाली** विकसित की। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **ब्रेल प्रणाली** में **3×2 मैट्रिक्स** में 6 उभरे हुए बिंदुओं का उपयोग कर वर्ण बनाए जाते हैं, जिन्हें उनकी व्यवस्था द्वारा पहचाना जा सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ध्वनि और **कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)** प्रौद्योगिकी के विकास के बावजूद, ब्रेल लिपि अभी भी स्वातन्त्र्य के लिये आवश्यक है, विशेष रूप से उन लोगों के लिये जो जन्म से नेत्रहीन हैं।

**31.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**गुरु गोबिंद सिंह जी:**

- हाल ही में प्रधानमंत्री ने सिखों के 10वें गुरु, **गुरु गोबिंद सिंह** जी को उनकी 358वीं जयंती (जिसे **प्रकाश उत्सव** के रूप में मनाया जाता है) पर श्रद्धांजलि अर्पित की।
- उनकी जयंती **नानकशाही कैलेंडर (सौर वर्ष के अनुसार) पर आधारित है, जिसके अनुसार वर्ष 2025** में यह 6 जनवरी को है।
  - **प्रारंभिक जीवन:** उनका जन्म 22 दिसंबर 1666 को पटना साहिब, बिहार में हुआ था। वे अपने पिता, **गुरु तेग बहादुर**, 9 वें सिख गुरु के उत्तराधिकारी बने।
  - **योगदान:** उन्होंने वर्ष 1699 में **खालसा पंथ** (जो धर्म और न्याय की रक्षा के लिये समर्पित एक योद्धा समुदाय था) की स्थापना की।
    - इन्होंने सिख पहचान के प्रतीक के रूप में पाँच 'क' को प्रस्तुत किया अर्थात कंघा (कंघी), केश (बिना कटे बाल), कड़ा (स्टील का कंगन), कृपाण (तलवार), और कच्चेरा (शॉर्ट्स)।
    - उनके बेटों ज़ोरावर सिंह (उम्र 7 वर्ष) और फतेह सिंह (उम्र 9 वर्ष) की सरहिंद के गवर्नर वज़ीर खान ने इस्लाम धर्म अपनाने से इनकार करने के करण हत्या कर दी।
    - उनके दो बड़े बेटों अजीत सिंह और जुझार सिंह ने **चमकौर के युद्ध (1705) में अपने प्राणों की आहुति दे दी**, जिसमें एक छोटी सिख सेना ने मुगलों तथा पहाड़ी राजाओं से युद्ध किया था।
    - उनकी शहादत को याद करने के लिये 26 दिसंबर को **'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जाता है।**
    - **पंज प्यारे:** गुरु गोबिंद सिंह ने **पंज प्यारे नामक संस्था** की स्थापना की, जिसके तहत उन्होंने **बलिदान के लिये पाँच सिर** मांगे और पाँच लोगों ने स्वेच्छा से उनकी मांग पर प्रतिक्रया दी। **अतः विकल्प B सही है।**

**32.**

**उत्तर: A**

**एक्सप:**

**भारतपोल पोर्टल:**

- भारत के केंद्रीय गृह मंत्री ने भगोड़ों का पता लगाने तथा तेजी से अंतर्राष्ट्रीय सहायता उपलब्ध कराने में **भारतीय अन्वेषण एजेंसियों की दक्षता बढ़ाने हेतु 'भारतपोल' (BHARAT-POL) पोर्टल लॉन्च किया है।**
  - **भारतपोल (BHARATPOL) पोर्टल: केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI)** द्वारा विकसित यह पोर्टल केंद्रीय और राज्य एजेंसियों को रियल टाइम जानकारी साझा करने के लिये **अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक पुलिस संगठन**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**(इंटरपोल) से जुड़ने की सुविधा प्रदान** करता है तथा यह पिछली प्रणाली को प्रतिस्थापित करता है, जिसमें **केवल CBI को यह पहुँच प्राप्त** थी।

- **भारतपोल साइबर अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी और मानव तस्करी** जैसे बढ़ते अंतर्राष्ट्रीय अपराधों से निपटने के लिये अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रभावी रूप से समन्वित करता है।
- यह पोर्टल रेड नोटिस तथा अन्य इंटरपोल नोटिसों से संबंधित कार्रवाई को तेज़ करेगा, जिससे **क्षेत्रीय स्तर के पुलिस अधिकारियों के लिये अपराधों से निपटना सरल** हो जाएगा।

- **क्षमता निर्माण:** CBI को भारतपोल के प्रयोग पर राज्यों को प्रशिक्षण देने तथा प्रभावी सुनवाई हेतु तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने का कार्य सौंपा गया है। **अतः विकल्प A सही है।**

**33.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **भारतीय मानक ब्यूरो,** भारत का **वैधानिक राष्ट्रीय मानक निकाय** है, जिसकी स्थापना **भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) अधिनियम, 2016** के तहत वस्तुओं के मानकीकरण, अंकन और गुणवत्ता प्रमाणन की गतिविधियों के सामंजस्यपूर्ण विकास के लिए की गई है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसकी स्थापना आरंभ में भारतीय मानक संस्थान (ISI के रूप में की गई थी जो 6 जनवरी 1947 को अस्तित्व में आया।
- यह **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अधीन** कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह उत्पाद प्रमाणन (ISI मार्क), सोने और चाँदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग, ESO मार्क योजना (पर्यावरण अनुकूल उत्पादों की लेबलिंग के लिये) जैसी विभिन्न योजनाएँ संचालित करता है।

**34.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- तापदीप्त लैंप (ICL), **प्रकाश उत्पन्न करने के लिये टंगस्टन फिलामेंट को गर्म करके संचालित** होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप ऊष्मा के रूप में पर्याप्त ऊर्जा की हानि होती है। LED की तुलना में उनकी **दक्षता काफी कम** है, जो लगभग सभी बिजली को प्रकाश में बदलने के लिये अर्धचालक प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - LED समान प्रकाश उत्पादन के लिये बहुत कम बिजली की खपत करते हैं, जिससे वे कहीं अधिक ऊर्जा-कुशल विकल्प बन जाते हैं।
- **ICL नाज़ुक होते हैं, क्योंकि वे नाज़ुक टंगस्टन फिलामेंट से बने होते हैं,** जो मामूली झटकों या कंपन से आसानी से टूट सकते हैं।
  - इसके विपरीत, **कॉम्पैक्ट फ्लोरोसेंट लैंप (CFL) अधिक मज़बूत होते हैं और लंबे समय तक चलते हैं** क्योंकि वे प्रकाश उत्पन्न करने के लिये गैस डिस्चार्ज मैकेनिज्म एवं फॉस्फोर कोटिंग का उपयोग करते हैं, जो ICL में फिलामेंट-आधारित तंत्र की तुलना में टूट-फूट को कम करता है। इस प्रकार, CFL वास्तव में ICL की तुलना में अधिक टिकाऊ होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- ICL द्वारा उत्पादित प्रकाश **फिलामेंट के डिज़ाइन** के कारण सभी दिशाओं में प्रकाश समान रूप से विकीर्ण होता है।
  - यह **सर्वदिशात्मक उत्सर्जन** ICL की प्रमुख विशेषताओं में से एक है, जो उन्हें ऐसे अनुप्रयोगों के लिये उपयुक्त बनाता है जहाँ व्यापक, समान प्रकाश की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**35.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **पश्चिम अफ्रीका के उष्णकटिबंधीय वर्षावनों में उत्पादित** होने वालाऑयल पाम, भारत में अपेक्षाकृत नई फसल है, लेकिन प्रति हेक्टेयर सर्वाधिक वनस्पति तेल की उपज देता है। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- ऑयल पाम की उपज **पारंपरिक तिलहन की तुलना में पाँच गुना अधिक है** । ऑयल पाम दो प्रकार के तेल का उत्पादन करता है: पाम तेल, जो फल के मेसोकार्प से प्राप्त होता है और इसमें 45-55% तेल होता है, और पाम कर्नेल तेल, जो कर्नेल से प्राप्त होता है और लॉरिक तेलों का स्रोत होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत में, ऑयल पाम की खेती प्रमुखता से **आंध्र प्रदेश, तेलंगाना तथा केरल** में होती है, जिसका कुल उत्पादन का 98% हिस्सा है।
- कर्नाटक, तमिलनाडु, ओडिशा, गुजरात, मिज़ोरम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर और नागालैंड जैसे अन्य राज्य भी इसकी खेती में योगदान देते हैं।
- **भारत, विश्व का सबसे बड़ा ऑयल पाम आयातक** है, जिसका आयात वर्ष 2023-24 में 9.2 मिलियन टन तक पहुँच, जो देश के कुल खाद्य तेल आयात का 60% था । **अतः कथन 3 सही है।**
  - ऑयल पाम मुख्य रूप से **इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड** से प्राप्त होता है।

**36.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ब्रिक्स:**

- हाल ही में **इंडोनेशिया आधिकारिक तौर पर 10 वें सदस्य के रूप में BRICS समूह में शामिल** हो गया है।
  - ब्रिक्स विश्व की **10 उभरती अर्थव्यवस्थाओं** का एक **अंतर-सरकारी अनौपचारिक समूह** है।
    - BRICS मूल संस्थापक सदस्यों में **ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन** शामिल हैं, जिनमें **दक्षिण अफ्रीका वर्ष 2010 में शामिल** हुआ।
    - वर्ष 2024 में **ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (UAE), मिस्र, इथियोपिया** और **सऊदी अरब** भी इसके सदस्य बन गए।
    - शुरू में **अर्जेंटीना के वर्ष 2024 में इस समूह में शामिल** होने की उम्मीद थी लेकिन बाद में उसने ऐसा न करने का निर्णय लिया।
- **पहला ब्रिक शिखर सम्मेलन वर्ष 2009 में रूस** में आयोजित किया गया था। **अतः विकल्प D सही है।**

**37.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**विश्व व्यापार संगठन (WTO):**

- **1 जनवरी 2025 को विश्व व्यापार संगठन (WTO)** की **30 वीं वर्षगांठ** मनाई गई।
- विश्व व्यापार संगठन एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था है जिसका गठन राष्ट्रों के बीच **वैश्विक व्यापार नियमों** को विनियमित करने हेतु किया गया।
- इसका गठन **टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौते (GATT)** के **उरुग्वे दौर की वार्ता (1986-94)** के बाद 123 देशों द्वारा **15 अप्रैल 1994** को हस्ताक्षरित **मारकेश समझौते** के तहत किया गया था जिसके परिणामस्वरूप **वर्ष 1995** में **विश्व व्यापार संगठन** का गठन हुआ।
- **WTO ने GATT** (जो वर्ष 1948 से विश्व व्यापार को विनियमित कर रहा था) का स्थान लिया।
  - GATT वस्तुओं के व्यापार पर केंद्रित था जबकि WTO के तहत वस्तुओं, सेवाओं एवं बौद्धिक संपदा संबंधी व्यापार को शामिल किया गया है।
- **मुख्यालय: जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड।**
- **सदस्य: 166 देश** (जिनकी **वैश्विक व्यापार में 98%** हिस्सेदारी है)।
- **प्रमुख निकाय:**
  - **मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (MC):** सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय।
  - **विवाद निपटान निकाय (DSB): DSB** व्यापार विवादों का समाधान करता है। **अतः विकल्प A सही है।**

**38.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- साहेल **पश्चिमी और उत्तर-मध्य अफ्रीका का एक अर्द्ध-शुष्क** क्षेत्र है जो पश्चिम में सेनेगल से पूर्व में सूडान तक विस्तारित है। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **यह उत्तर में सहारा रेगिस्तान तथा दक्षिण में** आर्द्र सवाना के बीच का संक्रमण क्षेत्र है।
- **सवाना** की तरह यहाँ **कम वृद्धिशील घास, कांटेदार झाड़ियाँ** एवं विरल वनस्पति मिलती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **संयुक्त राष्ट्र (UN)** द्वारा साहेल क्षेत्र का **10 देशों** (बुर्किना फासो, कैमरून, गाम्बिया, गिनी, माली, मॉरिटानिया, नाइजर, नाइजीरिया, सेनेगल और चाड) **के बीच सीमांकन** किया गया है।
- **पश्चिम अफ्रीका की सबसे लंबी एवं सबसे बड़ी नाइजर नदी,** इस क्षेत्र का प्रमुख जल स्रोत है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

39.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत की अंतरिक्ष अनुसंधान गतिविधियाँ 1960 के दशक में डॉ. विक्रम साराभाई के नेतृत्व में आरंभ हुईं, जिसके तीन प्रमुख तत्व थे: संचार और सुदूर संवेदन के लिये उपग्रह, अंतरिक्ष परिवहन और अनुप्रयोग कार्यक्रम।
- **डॉ. साराभाई के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान समिति (INCOSPAR) की स्थापना की गई थी। अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1975-76 में सैटेलाइट इंस्ट्रक्शनल टेलीविज़न एक्सपेरीमेंट (SITE) आरंभ किया गया, जिसके बाद गुजरात में खेड़ा संचार परियोजना (KCP) शुरू की गई।
- **भारत का पहला अंतरिक्ष यान, आर्यभट्ट, एक सोवियत लॉन्चर के साथ लॉन्च किया गया था,** और SLV-3, जो पृथ्वी की निचली कक्षा में 40 किलोग्राम तक का वज़न रखने में सक्षम था, का वर्ष 1980 में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1990 के दशक में भारत ने अंतरिक्ष में महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे का विकास किया, जिसमें संचार एवं जलवायु विज्ञान के लिये इनसैट प्रणाली और रिमोट सेंसिंग के लिये IRS प्रणाली शामिल है। इस अवधि के दौरान PSLV और GSLV का विकास प्रमुख उपलब्धि थी।

40.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **विद्युत क्षेत्र से संबंधित संवैधानिक प्रावधान:**
    - **संघ सूची की प्रविष्टि 14:** यह विदेशी देशों के साथ संधियाँ और समझौते करने तथा विदेशी देशों के साथ संधियों, समझौतों और अभिसमयों को क्रियान्वित करने से संबंधित है।
    - **समवर्ती सूची की प्रविष्टि 38:** भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची III में प्रविष्टि 38 में बिजली एक **समवर्ती विषय है। अतः कथन 1 सही है।**
        - **विद्युत मंत्रालय** देश में **विद्युत ऊर्जा** के विकास के लिये ज़िम्मेदार है।
- **भारत के विद्युत क्षेत्र की स्थिति:**
    - भारत, तीसरा सबसे बड़ा विद्युत उत्पादक और उपभोक्ता (अप्रैल 2024 तक 442.85 गीगावाट), ने वित्त वर्ष 23 में विद्युत की खपत में 9.5% की वृद्धि देखी। **अतः कथन 2 सही है।**
- **विद्युत क्षेत्र में सुधार से संबंधित समिति:**
    - **किरीट पारीख समिति (2022):** विद्युत उत्पादन से संबंधित पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस के लिये मूल्य निर्धारण सुधारों की सिफारिश की गई। अतः कथन 3 सही है।
    - **अशोक चावला समिति (2011):** विद्युत उत्पादन के लिये कोयला एवं प्राकृतिक गैस समेत संसाधन आवंटन का अध्ययन किया गया।
    - **दीपक पारेख समिति (2008):** विद्युत क्षेत्र की परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिये उपाय सुझाए गए।

41.

उत्तर: A

व्याख्या:

**समुद्री कवक (Marine Fungi):**

- **समुद्री कवक सूक्ष्म जीव होते** हैं, जो समुद्र में पाए जाते हैं, तथा अपघटन, सहजीवन और जैवसक्रिय यौगिकों के उत्पादन में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। **अतः कथन II सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **प्रकार: अनिवार्य समुद्री कवक** (विशेष रूप से समुद्री), वैकल्पिक समुद्री कवक (स्थलीय वातावरण से विकसित, समुद्री आवासों में जीवित रह सकते हैं)
- **उत्तरजीविता की रणनीतियाँ:** समुद्री कवक बेहतर संसाधन प्रबंधन के लिये कोशिका रूप में परिवर्तित कर **फीस्ट फिमाइन की स्थितियों के अनुकूल बन जाते हैं।**
  - उदाहरण के लिये समुद्री शैवालों पर पाया जाने वाला ***पैराडेंड्रिफिएला सलीना***, अपने पोषक को पचाने के लिये बैक्टीरिया से एँजाइम उत्पन्न करता है।
- **पारिस्थितिक महत्त्व:** समुद्री कवक **पोषक चक्रण, पारिस्थितिकी तंत्र स्थिरता के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।**
  - **लाइकेन,** जो एक सहजीवी संबंध (कवक और शैवाल का एक साथ रहना) दर्शाते हैं, समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में भी योगदान देते हैं। **अत: कथन I सही है।**
- **कवक:** ये **यूकैरियोटिक जीव परपोषी** (अन्य पौधों या जानवरों का उपभोग करने वाले) होते हैं, जो मृतजीवी (मृत और सड़ते जीवों को खाने वाले) या परजीवी के रूप में कार्य **करते हैं।**
  - **कवक बीज़ाणुओं** के माध्यम से यौन या अलैंगिक रूप में प्रजनन करते हैं। **RH व्हिटेकर ने** कवक को एक अलग बहुकोशिकीय यूकैरियोटिक जगत के रूप में वर्गीकृत किया है।
  - **कवक औषधि (जैसे, एँटीबायोटिक),** भोजन और उद्योग में लाभदायक होते हैं, लेकिन इनसे बीमारियाँ भी उत्पन्न होने की संभावना होती है साथ ही ये **विषाक्त माइकोटॉक्सिन भी उत्पन्न कर सकते हैं।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही व्याख्या है।**

**42.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत का राष्ट्रीय गीत:**

- भारत का राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" है, जिसे बंकिम चंद्र चटर्जी ने लिखा था। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह गीत पहली बार वर्ष 1870 में लिखा गया था और बाद में वर्ष 1882 में उनके उपन्यास "आनंद" में शामिल किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे पहली बार 1896 के भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC) अधिवेशन में गाया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

**43.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ध्रुवीय भँवर:**

- **ध्रुवीय भँवर का परिचय:** ध्रुवीय भँवर **न्यून दाब और शीतल पवनों का एक बड़ा क्षेत्र है,** जो पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों के चारों ओर विचरण करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - शब्द **"भँवर" से तात्पर्य पवन के वामावर्त प्रवाह से है,** जो ध्रुवों के पास शीतल पवन को सीमित रखता है।
  - ध्रुवीय भँवर संपूर्ण वर्ष विद्यमान रहता है, लेकिन यह ग्रीष्मकाल में कमज़ोर हो जाता है, जबकि शीतकाल में मज़बूत हो जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **प्रकार:**
  - **क्षोभमंडलीय ध्रुवीय भँवर:** वायुमंडल की सबसे निचली परत पर स्थित, **सतह से 10-15 किमी तक**, जहाँ अधिकांश मौसमी घटनाएँ देखने को मिलती हैं।
  - **समतापमंडलीय ध्रुवीय भँवर: यह 15 कि.मी. से 50 कि.मी.** की ऊँचाई पर देखने को मिलता है, तथा **शीतकाल के दौरान अधिक प्रबल** होता है और ग्रीष्मकाल में लुप्त हो जाता है।
    - इसके परिवर्तन **ध्रुवीय क्षेत्र में वायु की गति और ऊष्मा हस्तांतरण से प्रभावित होते हैं।** शीतकाल के दौरान परिध्रुवीय पवनें तीव्र हो जाती हैं, भँवर को मज़बूत करती हैं और **समताप मंडल में ध्रुवीय पवन का एक एकीकृत, विचरित द्रव्यमान का निर्माण करती हैं।**
- **अत्यधिक शीतल तंत्र:** जब **ध्रुवीय भँवर मज़बूत होता है,** तो यह जेट **स्ट्रीम को स्थिर रखता है,** जिससे शीतल पवनें दक्षिण की ओर बढ़ने से रुक जाती हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- हालाँकि जब **भँवर कमज़ोर हो जाता है,** तो बाधित जेट स्ट्रीम (तीव्र पवनों की एक संकीर्ण पेटी), जो आमतौर पर एक सीधी रेखा में चलती है, लहरदार रूप ले लेती है, जिससे आर्कटिक पवनें दक्षिण की ओर प्रवाहित होने लगती है।
- इस व्यवधान के कारण **अत्यंत न्यून तापमान, गंभीर चक्रवात,** तथा बर्फबारी और हिमवर्षा समेत चरम मौसम उत्पन्न होता है।
- **ग्लोबल वार्मिंग और ध्रुवीय भँवर:** शोधकर्त्ताओं के अनुसार आर्कटिक ग्रह बाकी हिस्सों की तुलना में तीव्रता से गर्म हो रहा है, इस परिघटना को **आर्कटिक प्रवर्द्धन के रूप में जाना जाता है।**
  - इससे **ध्रुवों और मध्य अक्षांशों के बीच ताप प्रवणता** (तापमान परिवर्तन की दर) कम हो जाती है, जिससे **ध्रुवीय भँवर कमज़ोर** हो जाता है।

44.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत मालदीव का एक प्रमुख रक्षा साझेदार रहा है, जो संकट के समय में सबसे पहले सहायता करने वाला देश रहा है, जैसा कि वर्ष **1988 में ऑपरेशन कैक्टस** द्वारा प्रदर्शित किया गया था, जब भारत ने मालदीव में तख्तापलट के प्रयास को रोका था। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत के ऑपरेशन नीर ने वर्ष 2014 के माले जल संकट के दौरान INS दीपक और INS शुकन्या के माध्यम से लगभग 2000 टन जल पहुँचाया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- "दोस्ती" अभ्यास एक त्रिपक्षीय तट रक्षक अभ्यास है जिसमें **भारत, श्रीलंका और मालदीव** शामिल हैं । **अत: कथन 3 सही नहीं है। अत: विकल्प A सही है।**

45.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अफगानिस्तान:**

- अफगानिस्तान **दक्षिण एशिया और मध्य एशिया** के केंद्र में स्थित एक **स्थलरुद्ध देश है।**
- इसकी जनसंख्या लगभग **28.6 मिलियन (2016) है।**
- दक्षिण और पूर्व में अफगानिस्तान **पाकिस्तान के साथ सीमा साझा करता है**; पश्चिम में यह **ईरान के साथ सीमा साझा करता है**, इसकी उत्तरी सीमा मध्य एशियाई देशों **तुर्कमेनिस्तान, उज़्बेकिस्तान और ताज़िकिस्तान को स्पर्श करती है। सुदूर पूर्वोत्तर में यह चीन** के साथ सीमा साझा करता है। **अत: विकल्प C सही है।**




दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

**46.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **विश्व आर्थिक मंच ( WEF )** द्वारा '**फ्यूचर ऑफ जॉब्स रिपोर्ट, 2025**' को जारी किया गया, जिसमें **वर्ष 2030 तक वैश्विक रोज़गार बाज़ार को आकार देने वाले प्रमुख रुझानों** एवं परिवर्तनों पर प्रकाश डाला गया है।
  - **55 अर्थव्यवस्थाओं** से प्राप्त इनपुट के आधार पर तैयार की गई इस रिपोर्ट में **वर्ष 2030 तक 78 मिलियन नौकरियों** की शुद्ध वृद्धि का अनुमान लगाया गया है तथा इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि किस प्रकार **प्रौद्योगिकी, आर्थिक बदलाव एवं हरित परिवर्तन** से रोज़गार एवं कौशल पर प्रभाव पड़ता है।
- **WEF सार्वजनिक-निज़ी सहयोग** के लिये एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है, जिसका मुख्यालय **ज़िनेवा, स्विट्ज़रलैंड** में स्थित है।
  - **यह उद्योगों, क्षेत्रों और वैश्विक स्तर** पर एजेंडा को आकार देने के लिये वैश्विक नेताओं को शामिल करता है। **अत: विकल्प A सही है।**

**47.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सोनोब्वॉय:**

- सोनोबॉयज़ एक्सपेंडेबल होते हैं और अल्प अवधि के लिये, सामान्यत: लगभग 24 घंटे तक, कार्य करते हैं तथा इन्हें केवल एक बार उपयोग करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सोनोबॉयज़ को जहाज़ों और पनडुब्बियों से जल के नीचे की आवाज़ों का पता लगाने और ट्रैक करने के लिये डिज़ाईन किया गया है, जो उन्हें मुख्य रूप से पनडुब्बी रोधी संघर्ष ( ASW ) में उपयोगी बनाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- एक बार सोनोबॉय सक्रिय हो जाने पर, यह एक **इन्फ्लेटेबल प्रणाली तैनात करता है** जो जल की सतह पर तैरता रहता है। इस प्रणाली में एक **रेडियो ट्रांसमीटर शामिल है** जो सोनोबॉय को ट्रैक करने वाले जहाज़ या विमान के साथ संचार बनाए रखता है, जिससे वास्तविक समय में डेटा एक्सचेंज की सुविधा मिलती है। **अत: कथन 3 सही है।**
- सोनोबॉय **जल के नीचे केबलों पर निर्भर नहीं होते हैं**। इसके बजाय, वे जल की सतह पर इन्फ्लेटेबल सिस्टम के **रेडियो ट्रांसमीटर का** उपयोग करके ट्रैकिंग इकाइयों के साथ **वायरलेस तरीके से संचार करते हैं। अत: कथन 4 सही नहीं है। अत: विकल्प A सही है।**

**48.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**टोडा जनजाति:**

- **तमिलनाडु** में टोडा को **विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह ( PVTG )** के रूप में वर्गीकृत किया गया है। **वे तमिलनाडु के पश्चिमी घाट में रहते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- टोडा भाषा **द्रविड़** है लेकिन द्रविड़ परिवार की भाषाओं में **सबसे असामान्य और अलग** है।
- **महत्त्व:**
  - टोडा लैंड **नीलगिरि बायोस्फीयर रिज़र्व** का हिस्सा है, जिसे **यूनेस्को द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बायोस्फीयर रिज़र्व** नामित किया गया है। इसे **यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त है। अत: कथन 2 सही है।**
- **धर्म और विश्वास:**
  - उनकी धार्मिक प्रथाएँ **देवताओं के एक समूह के इर्द-गिर्द घूमती हैं,** जिनमें **टोकिसी ( देवी ) और ओन ( अधोलोक के देवता )** केंद्रीय देवता हैं।

**49.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**त्रिनिदाद एवं टोबैगो के बारे में:**

- **यह दक्षिण-पूर्वी वेस्ट इंडीज में वेनेज़ुएला और गुयाना** के पास स्थित एक द्वीपीय राष्ट्र है। इसकी **राजधानी पोर्ट ऑफ स्पेन** है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- इसने 31 अगस्त, 1962 को यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्रता प्राप्त की **और वर्ष 1976 में एक गणराज्य बना,** यह देश **कैरिबियन कम्युनिटी (CARICOM) का सदस्य है।** **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **भौगोलिक विशेषताएँ:**
  - **सबसे ऊँचा स्थान:** माउंट एरिपो
  - **प्रमुख नदियाँ:** ओर्टोइरे और कारोनी
  - **प्राकृतिक संसाधन:** पिच झील, विश्व का सबसे बड़ा डामर भंडार। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **पर्वत श्रृंखला: नॉर्दन रेंज, एंडीज** विस्तार का हिस्सा।

**50.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अल-नीनो और ला-नीना जटिल मौसम पैटर्न हैं जो भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में समुद्री तापमान में बदलाव के कारण उत्पन्न होते हैं।
- ये अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ENSO) चक्र के विपरीत चरण हैं।
- **अल-नीनो** एक जलवायु घटना है जिसे **पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत क्षेत्र में सतही जल के गर्म होने के रूप में चिह्नित किया गया है। सतही जल के तापमान में वृद्धि ही अल-नीनो-दक्षिणी दोलन (ENSO) के "गर्म चरण"** का निर्माण करती है। अल-नीनो **की बारंबारता ला नीना, "ठंडे चरण"** की तुलना में अधिक होती है, जिसमें एक ही क्षेत्र में शीतलन शामिल होता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अल-नीनो और ला-नीना एक साथ नहीं हो सकते क्योंकि वे अल नीनो-दक्षिणी दोलन (ENSO) प्रणाली के विपरीत चरणों का प्रतिनिधित्व करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

**51.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्रवाल:**

- **सॉफ्ट कोरल** ऐसी प्रजातियाँ हैं, जो कोरल रीफ निर्माण के लिये **ज़रूरी कैल्शियम कार्बोनेट कंकाल का उत्पादन नहीं करती हैं। अतः कथन I सही है।**
  - केवल **कठोर कोरल** ही रीफ का निर्माण करते हैं।
- कोरल एन्थोज़ोआ वर्ग, निडारिया संघ से संबंधित अकशेरुकी हैं। **अतः कथन II सही नहीं है।**
  - **रीफ का निर्माण पॉलिप्स** की कॉलोनियों द्वारा होता है, **जो चूना पत्थर के** कंकालों का स्राव **करते हैं और पोषण हेतु सहजीवी शैवाल (ज़ूक्सैन्थेला)** पर निर्भर रहते हैं।
- विश्व के पहले **क्रायो-बॉर्न बेबी कोरल को ग्रेट बैरियर रीफ** में सफलतापूर्वक प्रस्तुत किया गया है, जो **कोरल / प्रवाल पुनरुद्धार और उनके संरक्षण** में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है।
  - **ऑस्ट्रेलियाई वैज्ञानिकों ने** ग्रेट बैरियर रीफ से **एकत्रित क्रायोप्रिज़र्व्ड शुक्राणुओं से** कोरल एग्स को निषेचित करने के लिये **अत्याधुनिक क्रायोप्रिज़र्वेशन का उपयोग किया।**
    - वैज्ञानिकों ने कोरल को **राष्ट्रीय समुद्री सिम्युलेटर में उगाया** और फिर उन्हें रीफ/भित्ति पर विशेष रूप से डिज़ाइन किये गए **'कोरल क्रेडल्स' में हस्तांतरित कर दिया।**
  - इसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन और बढ़ते **समुद्री तापमान से भित्तियों के संरक्षण के लिये ताप-सहिष्णु प्रवाल विकसित करना है।**
  - **ऑस्ट्रेलिया** स्थित **क्रायोडायवर्सिटी बैंक के पास 32 प्रजातियों के फ्रोज़ेन कोरल** शुक्राणुओं का विश्व का सबसे बड़ा संग्रह है, जिसे वर्ष 2011 से प्रतिवर्ष एकत्र किया जाता है। **अतः विकल्प C सही है क्योंकि कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।**

**52.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**हेनले पासपोर्ट सूचकांक 2025:**

- हेनले पासपोर्ट इंडेक्स **199 वैश्विक पासपोर्टों** (227 यात्रा स्थलों को कवर करता है) को **उन स्थलों की संख्या के आधार पर रैंक करता है, जहाँ इनके धारक बिना वीज़ा के यात्रा कर सकते हैं,** इसके आँकड़े **अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (IATA) से प्राप्त होते हैं। अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इसे वैश्विक नागरिकता और निवास सलाहकार फर्म **हेनले एंड पार्टनर्स द्वारा संकलित और प्रकाशित किया जाता है।**
- अद्यतन **हेनले पासपोर्ट इंडेक्स 2025** में भारत की रैंक **वर्ष 2024 की तुलना में** 80वें स्थान से गिरकर **85वें स्थान** पर आ गई है, जिससे **इसके धारकों को 57 देशों में वीज़ा फ्री एक्सेस** प्राप्त हो गया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत की रैंकिंग में विगत कुछ वर्षों में उतार-चढ़ाव देखा गया है, वर्ष 2006 में इसे रैंकिंग में **उच्चतम अर्थात् 71वाँ स्थान प्राप्त हुआ और कोविड-19** प्रतिबंधों के कारण वर्ष **2021 में इसे निम्नतम अर्थात् 90 वाँ स्थान प्राप्त हुआ।**
- **शीर्ष रैंकिंग: सिंगापुर** (195 गंतव्य) सबसे आगे है, उसके बाद **जापान** (193) का स्थान है। विभिन्न **यूरोपीय संघ के देश और दक्षिण कोरिया** तीसरे स्थान (192 गंतव्य) पर हैं।
- **गिरती रैंकिंग:** अमेरिका (दूसरे से नौवें), ब्रिटेन (पहले से पाँचवे)।
- **निचले देश: पाकिस्तान और यमन** (संयुक्त 103वाँ स्थान) उसके बाद **इराक, सीरिया** और **अफगानिस्तान।**

53.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- **श्री काका कालेलकर की** अध्यक्षता में प्रथम **पिछड़ा वर्ग आयोग की स्थापना** 29 जनवरी, 1953 को **भारतीय संविधान के अनुच्छेद 340 के** तहत राष्ट्रपति के आदेश द्वारा की गई थी।
    - इस आयोग, जिसे सामान्यतः **काका कालेलकर आयोग** के नाम से जाना जाता है, ने 30 मार्च, 1955 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।
- भिकू रामजी इदाते के नेतृत्व में वर्ष **2014 में गठित इदाते आयोग** को विमुक्त, **घुमंतू और अर्द्ध-घुमंतू जनजातियों (DNT) की एक व्यापक सूची संकलित करने का कार्य** सौंपा गया था।
    - इसका उद्देश्य अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) और अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) की श्रेणियों से बाहर रखे गए व्यक्तियों की पहचान करना और उनके उत्थान के लिये कल्याणकारी उपायों की सिफारिश करना था। **अतः विकल्प D सही है।**

54.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- पिंक फायर रिटार्डेंट एक रासायनिक मिश्रण है जिसका उपयोग वनाग्नि को धीमा करने या शमन करने के लिये किया जाता है। इसमें मुख्य रूप से **अमोनियम फॉस्फेट-आधारित घोल होता है। अथः कथन 1 सही नहीं है।**
- अमेरिका में प्रायः इस्तेमाल किया जाने वाला अग्निरोधी पदार्थ फॉस-चेक है।
- इसे आग की घटना से पहले छिड़का जाता है जो **वनस्पतियों द्वारा ऑक्सीजन को दहन में सहायता करने से रोकने के लिये कोट करता है। अतः कथन 2 सही है।**
    - इसका वर्ण गुलाबी इसलिये चुना गया क्योंकि यह अत्यधिक प्रत्यक्ष दिखाई देता है, जिससे अग्निशमन कर्मियों को अग्नि रेखाओं पर अधिक प्रभावी ढंग से निशाना लगाने में मदद मिलती है।
- इसमें चिपचिपाहट बढ़ाने और हवाई अनुप्रयोग के दौरान बहाव को रोकने के लिये प्रगाढ़क का उपयोग भी शामिल हैं।
- इसके अतिरिक्त, पिंक फायर रिटार्डेंट से **क्रोमियम और कैडमियम सहित हानिकारक धातुओं का उत्सर्जन होता है,** जिसका पर्यावरण और स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**

55.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

**स्वामी विवेकानंद:**

- **स्वामी विवेकानंद (जिनका जन्म 12 जनवरी 1863** को हुआ था) **एक भिक्षु और रामकृष्ण परमहंस** के प्रमुख शिष्य थे। **अतः कथन 1 सही है।**
    - **वर्ष** 1893 में खेतड़ी राज्य के **महाराजा अजीत सिंह** के अनुरोध पर उन्होंने अपने पूर्व नाम 'सच्चिदानंद' को बदलकर '**विवेकानंद**' रख लिया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **आत्मज्ञान: मान्यताओं के अनुसार 1892** में स्वामी विवेकानंद **साधना करने के लिये कन्याकुमारी** के तट से हिंद महासागर में एक **विशाल शिला** (जिसे बाद में विवेकानंद रॉक मेमोरियल **कहा गया**) तक तैरकर गए थे।
  - उन्होंने **वहाँ तीन दिन और तीन रातें बिताई,** जिसके परिणामस्वरूप उन्हें **ज्ञान की प्राप्ति** हुई।
- **योगदान:**
  - **दार्शनिक: उन्होंने विश्व को वेदांत और योग** के भारतीय दर्शन से परिचित कराया। **अतः कथन 2 सही है।**
    - उन्होंने '**नव-वेदांत**' **का प्रचार-प्रसार किया, जो पश्चिमी दृष्टिकोण से हिंदू धर्म** की व्याख्या थी तथा वे **आध्यात्मिकता को भौतिक प्रगति के साथ** जोड़ने में विश्वास करते थे।
  - **आध्यात्मिक:** मानवीय मूल्यों पर विवेकानंद का संदेश उपनिषदों, गीता और बुद्ध **एवं ईसा** के उदाहरणों से लिया गया है, **जिसमें आत्मबोध, करुणा और निस्वार्थ सेवा पर** ज़ोर दिया गया है।
    - उन्होंने **सेवा** के सिद्धांत का समर्थन किया। **जीव** की सेवा करना **शिव की उपासना के समान है।**
    - उन्होंने अपनी पुस्तकों में सांसारिक सुख और आसक्ति से **मोक्ष (मुक्ति)** प्राप्त करने के **चार मार्ग** बताए- **राजयोग, कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग। अतः कथन 3 सही है।**
  - **पुनरुत्थानवाद:** उन्होंने हमारी मातृभूमि के **पुनरुद्धार** के लिये **शिक्षा** पर ज़ोर दिया। उन्होंने **मानव-निर्माण और चरित्र-निर्माण** वाली शिक्षा की वकालत की।

**56.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विश्व हिंदी दिवस 2025:**

- संविधान के अनुच्छेद 343 के अंतर्गत हिंदी को आधिकारिक उद्देश्यों के लिये अंग्रेज़ी के साथ **भारत की आधिकारिक भाषा** के रूप में मान्यता प्राप्त है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **अंतर्राष्ट्रीय मंच पर हिंदी की उपस्थिति बढ़ाने** के लिये प्रतिवर्ष 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह तिथि वर्ष **1949 के उस ऐतिहासिक क्षण को याद दिलाती है,** जब **संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA)** में पहली बार हिंदी भाषा का प्रयोग किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**
  - **विश्व हिंदी दिवस 2025** की थीम है **"हिंदी एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज़", जो** हिंदी के माध्यम से **भाषाई आदान-प्रदान को बढ़ावा देने एवं सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देने** पर केंद्रित है।
- **वर्ष** 1975 में प्रथम **विश्व हिंदी सम्मेलन का** उद्घाटन **प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने किया, जो हिंदी** को वैश्विक मान्यता दिलाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम था।
- **10 जनवरी 2006** को मनाया जाने वाला **विश्व हिंदी दिवस, 14 सितंबर** को मनाए जाने वाले **हिंदी दिवस** से भिन्न है, क्योंकि हिंदी दिवस वर्ष **1949** में हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषाओं में से एक के रूप में अपनाए जाने का प्रतीक है।

**57.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**प्लास्टिसाइज़र:**

- **IIT रुड़की ने मिट्टी के जीवाणु सल्फोबेसिलस** ***एसिडोफिलस*** द्वारा उत्पादित **एस्टरेज एंजाइम का उपयोग प्लास्टिसाइज़र डाइएथिल हेक्सिल फथलेट (डीईएचपी) को** तोड़ने के लिये सफलतापूर्वक किया है।
  - यह प्रगति प्लास्टिसाइज़रों से उत्पन्न बढ़ती पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को संबोधित करती है।
- **प्लास्टिसाइज़र ऐसे योजक होते हैं जिनका उपयोग पीवीसी (पॉलीविनाइल क्लोराइड) जैसे कठोर प्लास्टिक को** बहुलक श्रृंखलाओं के भीतर अंतर-आणविक बलों को कम करके अधिक लचीला और नरम बनाने के लिये किया जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- यह विशेष रूप से प्लास्टिक उत्पादों के लिये प्रासंगिक है, **जिनमें स्थायित्व और लचीलेपन की आवश्यकता होती है, जैसे केबल, होज़ और फिल्म।**
- **ये कैंसरकारी हैं, जो त्वचा में अवशोषित होने या निगलने** के माध्यम से स्वास्थ्य जोखिम बढाते हैं। **लगातार कार्बनिक प्रदूषकों** के रूप में, ये जल और मृदा को दूषित करते हैं, पारिस्थितिकी तंत्र तथा जलीय जीवन को नुकसान पहुँचाते हैं। **अत: विकल्प A सही है।**

**58.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतीय **नौसेना** में 15 जनवरी 2025 को **नीलगिरि**, **सूरत** और **वाघशीर को शामिल कर लिया गया है**, ये सभी पोत मझगाँव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल), मुंबई में निर्मित हैं।
  - प्रत्येक पोत भारत की नौसैनिक क्षमताओं में महत्त्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है तथा स्वदेशी इंजीनियरिंग उत्कृष्टता को दर्शाता है।
- **प्रोजेक्ट 17A** का प्रमुख जहाज़ **नीलगिरि** एक अत्याधुनिक फ्रिगेट है जिसमें उन्नत स्टील्थ तकनीक और परिष्कृत हथियार प्रणाली शामिल है, जो इसे नौसेना रक्षा में एक दुर्जेय संपत्ति बनाती है। **इसलिये, जोड़ी 1 सही ढंग से मेल नहीं खाती है।**
  - इस श्रेणी के जहाज, शिवालिक श्रेणी के फ्रिगेट की विरासत पर आधारित हैं, जिनमें पर्याप्त तकनीकी उन्नयन किया गया है।
- **सूरत , प्रोजेक्ट 15B का हिस्सा** है, इस श्रृंखला में चौथा और अंतिम विध्वंसक है। यह कोलकाता श्रेणी के विध्वंसक के उन्नत संस्करण के रूप में कार्य करता है, जो लंबी दूरी की मिसाइलों और स्वदेशी हथियार प्रणालियों से सुसज्जित है। **इसलिये, जोड़ी 2 सही ढंग से मेल नहीं खाती है।**
  - प्रोजेक्ट 15B पहल का ध्यान समुद्री सुरक्षा को मज़बूत करने के लिये चार अत्याधुनिक निर्देशित मिसाइल विध्वंसक जहाजों के डिज़ाइन तथा निर्माण पर केंद्रित है।
- **प्रोजेक्ट 75** के तहत स्कॉर्पीन-क्लास की छठी पनडुब्बी **वाघशीर**, दुनिया भर में सबसे शांत डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों में से एक है। इसकी बहुमुखी प्रतिभा इसे एंटी-सरफेस और एंटी-पनडुब्बी युद्ध के साथ-साथ निगरानी तथा विशेष अभियानों में संलग्न होने की अनुमति देती है। **इसलिये, जोड़ी 3 सही ढंग से मेल खाती है।**
  - **प्रोजेक्ट 75 में** भारत की पानी के भीतर युद्ध क्षमताओं को मज़बूत करने के लिये 18 पारंपरिक और छह परमाणु ऊर्जा चालित पनडुब्बियों के निर्माण की परिकल्पना की गई है।

**59.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **लाल बहादुर शास्त्री,** जिनका जन्म 2 अक्तूबर 1904 को वाराणसी के पास मुगलसराय में हुआ था, भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्त्वपूर्ण व्यक्ति थे, जो महात्मा गांधी के सिद्धांतों से अत्यधिक प्रभावित थे।
- अपनी ईमानदारी, विनम्रता और समर्पण के लिये जाने जाने वाले शास्त्री जी ने गृह मंत्री, रेल मंत्री तथा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मंत्री पद संभाले।
  - उल्लेखनीय है कि उन्होंने प्रमुख रेल दुर्घटनाओं के बाद दो बार रेल मंत्री के पद से इस्तीफा देकर नैतिक जवाबदेही का उदाहरण दिया।
- प्रधानमंत्री (1964-1966) के रूप में, शास्त्री जी ने वर्ष **1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान अनुकरणीय नेतृत्व का प्रदर्शन किया और** कश्मीर की रक्षा के लिये निर्णायक सैन्य कार्रवाई को अधिकृत किया।
- उन्हें उनके प्रतिष्ठित नारे **"जय जवान जय किसान" के लिये याद किया जाता है,** जिसमें उन्होंने भारत के विकास में सैनिकों और किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला था।
- **उन्होंने ताशकंद घोषणा-पत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दुखद बात यह है कि ताशकंद घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर करने** के कुछ ही समय बाद 11 जनवरी 1966 को शास्त्री जी का ताशकंद में निधन हो गया। **अत: विकल्प C सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**नोट:**

60.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **मायोट:**
  - इसमें **कोमोरोस द्वीपसमूह** के **दो द्वीप शामिल हैं**, जिसमें मुख्य द्वीप को **मायोट** (या ग्रांडे टेरे) और **छोटे द्वीप को पामांडज़ी** (पेटिट टेरे) कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**




  - यह **फ्राँस** और यूरोपीय संघ दोनों के **सबसे गरीब क्षेत्र है। अत: कथन 2 सही है।**
  - **फ्राँस ने वर्ष** 1843 में मायोट को कॉलोनी बनाया और वर्ष 1904 में कोमोरोस समेत संपूर्ण द्वीपसमूह **पर कब्ज़ा कर लिया**।
    - **वर्ष 1974 के** जनमत संग्रह में **95% लोगों ने अलगाव का** समर्थन किया, लेकिन मायोट के **63% लोगों ने फ्राँसीसी बने रहने के पक्ष में मतदान किया।**
    - ग्रांडे कोमोर, अंजुआन और मोहेली ने वर्ष **1975 में स्वतंत्रता की घोषणा की। हालाँकि मायोट पर अभी भी पेरिस** से शासन किया जाता है।

61.

उत्तर: C

व्याख्या:

- इस **छोटे अकशेरुकी** की **लंबाई सिर्फ 1 मिमी** होती है और **यह एक पारदर्शी निमेटोड** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **निमेटोड (जिन्हें गोलकृमि** भी कहा जाता है) **बेलनाकार एवं अक्सर सूक्ष्म जीव** होते हैं तथा यह **मृदा और तलछट पारिस्थितिकी तंत्र** का एक प्रमुख घटक हैं।
- ये पशुओं या पौधों पर **परजीवी** होते हैं या **मृदा एवं जल में स्वतंत्र** रूप से मिलते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

62.

उत्तर: B

व्याख्या:

- चिंपैंज़ी (*Pan troglodytes ssp.*) वर्तमान में मानव जाति से निकटतम संबंधित जीवों में में से एक हैं तथा इनके और मनुष्यों के पूर्वज एक ही थे जिनका अस्तित्व लगभग 7 से 8 मिलियन वर्ष पूर्व था।
- ये अत्यधिक **संरचित सामाजिक समूहों में रहते हैं**, जिनमें प्राय: 20 से 150 चिंपैंज़ी होते हैं तथा इनकी संचार पद्धति और व्यवहार जटिल होते हैं।
- चिंपैंज़ियों द्वारा उपयोग किये जाने वाले साधनों के उदाहरणों में **दीमक पकड़ना, शहद इकट्ठा करना** और **अखरोट तोड़ना शामिल है** तथा इनके **साधनों और तकनीकों में भिन्नताएँ पाई जाती हैं।**
- चिंपैंज़ी विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ का भक्षण करते हैं, जिनमें **मैंग्रोव** के पत्ते भी शामिल हैं और विशेष रूप से **शुष्क जलवायु** में वे गुफाओं में रहते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट:

- **आवास के विनाश** और **शिकार से इनकी आनुवंशिक** तथा **सांस्कृतिक विविधता को** खतरा है, जिससे **संरक्षण प्रयास** महत्त्वपूर्ण हो जाते हैं। **अतः विकल्प B सही है।**

63.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- **राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) का गठन वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम,** 1972 के प्रावधानों के तहत किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972** की **धारा 38L, उपधारा (2)** के अनुसार, NTCA में **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री (MoEFCC) अध्यक्ष के रूप में,** पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्यमंत्री **उपाध्यक्ष के रूप में** तथा संसद के तीन सदस्य, पर्यावरण और वन मंत्रालय के सचिव एवं अन्य इसके सदस्यों में शामिल होते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

64.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

**बायोटेक-PRIDE (डेटा एक्सचेंज के माध्यम से अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना) दिशा-निर्देश:**

- **जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT)** द्वारा वर्ष 2021 में जारी "बायोटेक-PRIDE दिशानिर्देश" **भारत में अनुसंधान समूहों के बीच जैविक डेटा के आदान-प्रदान** को सक्षम बनाने पर केंद्रित हैं।
  - ये ज्ञान साझा करने, बेहतर एकीकरण, निर्णय लेने तथा न्यायसंगत पहुँच सुनिश्चित करने के लिये ढाँचा प्रदान करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ये साझाकरण को बढ़ावा देने के साथ अनुसंधान में सार्वजनिक निवेश के लाभ को अधिकतम करने पर केंद्रित हैं।
- इन दिशानिर्देशों के क्रियान्वयन की ज़िम्मेदारी **हरियाणा के क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (RCB)** स्थित **भारतीय जैविक डाटा केंद्र (IBDC)** की है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - बायोटेक-प्राइड दिशानिर्देशों के तहत, मौजूदा डेटासेट को IBDC से जोड़ा जाएगा, जिससे **बायो-ग्रिड** का निर्माण होगा।
    - यह **बायो-ग्रिड जैविक आँकड़ों** के लिये एक राष्ट्रीय भंडार के रूप में कार्य करेगा जिससे सुरक्षा, मानक और गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए इसके आदान-प्रदान को सक्षम किया जा सकेगा तथा स्पष्ट डेटा एक्सेस प्रोटोकॉल स्थापित किया जा सकेगा।
  - जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा स्थापित RCB जैव प्रौद्योगिकी शिक्षा, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण पर केंद्रित है।
    - इसे **वर्ष 2016 में राष्ट्रीय महत्त्व के संस्थान** के रूप में मान्यता दी गई है। RCB स्वास्थ्य, कृषि और पर्यावरण से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने के लिये नवाचार को बढ़ावा देने के साथ कुशल मानव संसाधन विकसित करने पर केंद्रित है।

65.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

**परमाणु ऊर्जा आयोग (AEC):**

- सरकार ने हाल ही में परमाणु ऊर्जा आयोग (AEC) का पुनर्गठन किया है।
- **AEC का गठन पहली बार अगस्त** 1948 में **वैज्ञानिक अनुसंधान विभाग** के तहत परमाणु ऊर्जा अनुसंधान की देखरेख हेतु किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **वर्ष 1958 में परमाणु ऊर्जा विभाग** के अंतर्गत परमाणु ऊर्जा आयोग (DAE) का पुनर्गठन किया गया तथा **वर्ष 1954 में प्रधानमंत्री के प्रत्यक्ष प्रभार** के अधीन इसकी स्थापना की गई।
- **परमाणु ऊर्जा विभाग** के सचिव, इस आयोग के **पदेन अध्यक्ष** के रूप में कार्य करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- अन्य सदस्यों की नियुक्ति **प्रधानमंत्री के अनुमोदन** पर प्रतिवर्ष की जाती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- AEC **परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने, परमाणु प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा, खाद्य सुरक्षा** एवं **ऊर्जा स्वतंत्रता** में प्रगति के माध्यम से भारत को सशक्त बनाने के लिये नीतियाँ तैयार करने पर केंद्रित है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट: